आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 24- ● जबलपुर ● गुरुवार, 24 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




# छिड़ गया महायुद्ध !

यूक्रेन का दावा- 6 एयरक्राफ्ट मार गिराए

# बैलिस्टिक मिसाइलों से किया जा रहा हमला

## रूस बोला- हमने एयरबेस , एयर डिफेंस तबाह किया, कई गांव कब्जे में

**मॉस्को/कीव/वॉशिंगटन । लंबे तनाव के बाद रूस ने गुरुवार सुबह 5 बजे यूक्रेन पर हमला बोल दिया। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने नेशनल टेलिविजन पर हमले का ऐलान किया। धमकाने वाले अंदाज में बोले कि रूस और यूक्रेन के बीच किसी ने भी दखल दिया तो अंजाम बहुत बुरा होगा। उनका इशारा अमेरिका और हृअह्र फोर्सेस की तरफ था।**

इस बयान के 5 मिनट के भीतर यूक्रेन में राजधानी कीव समेत कई प्रांतों में 12 धमाके हुए। राजधानी कीव पर मिसाइल अटैक भी हुआ। वहां एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। इस कदम के चलते यूक्रेन में फंसे भारतीयों के रेस्क्यू मिशन को भी रोकना पड़ा। यूक्रेन गई एयरइंडिया की फ्लाइट खतरे के अलर्ट के चलते वापस लौट आई। हमले का यूक्रेन ने भी जवाब दिया और रूसी विमानों को मार गिराया। यूक्रेन ने कहा कि हम इस हमले का जवाब देंगे और इस जंग को जीतेंगे। यही वक्त है, जब पूरी दुनिया को रूस को जवाब देना चाहिए और उसे रोकना चाहिए। थोड़ी देर बाद यूक्रेन ने एक और बयान जारी किया। यूक्रेन ने कहा कि हम पर तीन तरफ से... रूस, बेलारुस और क्रीमिया बॉर्डर की ओर से हमला हुआ है। लुहांस्क, खारकीव, चेरनीव, सुमी और जेटोमिर प्रांतों में हमले जारी हैं।



बाहरी देश न दें दखल वरना ...





यूक्रेन अपना बचाव करेगा और जीतेगा

### यूक्रेन में 12 जगह धमाके

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन की 12 जगहों को निशाना बनाया। कीव में दो जगह बैलास्टिक मिसाइल से हमला किया गया। बाकी जगहों की सटीक लोकेशन का पता नहीं चला है। पुतिन ने आगे कहा कि अगर कोई दूसरा देश बीच में आता है तो उसके खिलाफ भी जवाबी कार्रवाई होगी। परमाणु हथियारों के जखीरों से लैस रूस और नाटो अब आमने –सामने है।कीव, डोनबास खार्कि, ओडेसा समेत कई इलाकों में धमाके सुने गए। यूक्रेन के कई इलाकों में अफरातफरी का माहौल है। कीव में लंबे जाम की सूचना है, लोग भाग रहे हैं।

### पुतिन की चेतावनी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय समयानुसार गुरुवार अल–सुबह राष्ट्र को संबोधित किया और कहा है कि उनका इरादा यूक्रेन पर कब्जा करना नहीं है और यदि किसी देश में उनके बीच टांग अड़ाई तो ऐसा जवाब दिया जाएगा, जैसे इतिहास में नहीं देखने को मिला। वहीं यूक्रेन ने अमेरिका समेत बाकी देशों से अपील की है कि वे रूस को रोके। वहीं यूक्रेन के नेता यह भी कह रहे हैं कि वे सामना करने और जवाब देने को तैयार हैं।



### भारतीय दूतावास की नई एडवाइजरी, कहा- जहां भी रहिए, सुरक्षित रहिए

यूक्रेन और रूस के बीच बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास ने 24 फरवरी को एक नया एडवाइजरी जारी किया है। इसमें यूक्रेन में रह रहे भारतीयों से कहा गया है कि यूक्रेन की मौजूदा स्थिति अत्यधिक अनिश्चित है। कृपया शांत रहें और आप जहां भी हों सुरक्षित रहें। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि कीव के पश्चिमी हिस्सों से यात्रा करने वालों सहित कीव की यात्रा करने वाले सभी लोगों को अस्थायी रूप से अपने–अपने शहरों में लौटने की सलाह दी जाती है, विशेष रूप से पश्चिमी सीमावर्ती देशों के साथ सुरक्षित स्थानों की ओर।

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने की पुतिन से अपील- अपने सैनिकों को रोकें



यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक फिलहाल चल रही है। सत्र में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पुतिन से एक व्यक्तिगत अनुरोध करते हुए कहा कि वे अपनी सेना को यूक्रेन में घुसने से रोकें। इस सत्र का आयोजन यूक्रेन की मांग के बाद किया गया है।

### बाइडेन ने अंजाम भुगतने की धमकी दी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अंजाम भुगतने की धमकी दी है। बाइडन ने कहा है कि इस जंग से भयानक तबाही होगी। वहीं पुतिन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर किसी भी देश ने यूक्रेन–रूस वॉर में घुसने की कोशिश की तो अंजाम भयानक होगा। पुतिन ने स्पष्ट किया है कि रूस अपनी रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार है।

## नवाब मलिक पर ED के गंभीर आरोप

### D–कंपनी की मदद से चंद लाख में खरीदी 300 करोड़ की जमीन

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक की गिरफ्तारी के तुरंत बाद प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उन्होंने सॉलिडस इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 300 करोड़ के प्लॉट महज कुछ लाख में खरीदी। यह जमीन डी–गैंग द्वार सताए गए मुनीरा प्लम्बर की थी। ईडी का आरोप है कि इस कंपनी का मालिकाना हक नवाब मलिक के परिवार के पास है।



जांच एजेंसी ने यह भी कहा है कि इसका नियंत्रण हसीना पारकर सहित डी–गैंग के सदस्यों के पास भी था। ईडी को दिए अपने बयान में मुनीरा प्लम्बर ने कहा कि मुंबई के कुर्ला में लगभग तीन एकड़ (गोवाला कंपाउंड के रूप में जाना जाता है) में फैला यह प्लॉट उसका था। उसने कहा कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह संपत्ति दाऊद के गिरोह के सदस्य सलीम पटेल द्वारा किसी तीसरे पक्ष को बेची गई थी। उसने 18 जुलाई 2003 को संपत्ति की किरायेदारी हस्तांतरण के समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। **मुनीरा ने डी कंपनी को दिए थे 5 लाख**- उसने आगे आरोप लगाया, उसने सलीम पटेल को 5 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसके एवज में उसने जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले बदमाशों से सभी अतिक्रमणों को हटाने, सभी विवादों को दूर करने और किरायेदारों के अवैध कब्जे को रद्द करने का वादा किया था। उसने कभी भी सलीम पटेल को उक्त संपत्ति बेचने के लिए अधिकृत नहीं किया था। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुनीरा ने अपने बयान में आरोप लगाया कि सलीम पटेल ने अवैध रूप से संपत्ति बेची और संपत्ति को तीसरे पक्ष को सौंप दिया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर मुनीरा ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें पता चला कि सलीम पटेल का संबंध अंडरवर्ल्ड से है। इसलिए उसने प्राथमिकी दर्ज नहीं की या किराए के भुगतान या अतिक्रमण और अन्य मुद्दों से संबंधित मामले को आगे नहीं बढ़ाया। उसे अपनी और अपने परिवार की जान को खतरा महसूस हो रहा था।

## खुलते ही शेयर मार्केट बिखरा

### सेंसेक्स में 14 सौ अंक से ज्यादा की भारी-भरकम गिरावट

**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के चलते भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को भूचाल आ गया। खुलने के साथ ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1400 अंक फिसलकर 56 हजार के स्तर से भी नीचे आ गया। फिलहाल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का ये सूचकांक 1430 अंक की गिरावट के साथ 55,802 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी पर भी युद्ध का असर दिखाई दे रहा है और यह 414 अंकों की भारी गिरावट के साथ 16,648 के निचले स्तर पर खुला।



बाजार प्री–ओपन सेशन में ही बता रहा था कि आज भारी बिकवाली होने वाली है. प्री–ओपन सेशन में बीएसई सेंसेक्स 1,800 अंक यानी 3.15 फीसदी से भी ज्यादा गिरा हुआ था. एनएसई निफ्टी भी 500 अंक से ज्यादा के नुकसान में था. जैसे ही बाजार खुला, सेंसेक्स 13 सौ अंक से ज्यादा की गिरावट में रहा. सुबह बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स 55,750 अंक के आस–पास कारोबार कर रहा था।

### जीएसटी अफसरों पर कार चढ़ाने वाला नीलेश पटेल गिरफ्तार

अहमदाबाद। जीएसटी धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में गुजरात एटीएस ने बड़ी कार्रवाई की है। प्राइवेट कंपनी माधव कॉपर लिमिटेड के चेयरमैन नीलेश पटेल को 762 करोड़ रुपये के जीएसटी फ्रॉड के मामले में अरेस्ट किया गया है। जांच एजेंसी लंबे वक्त से नीलेश पटेल को ट्रैक कर रही थी। वह काफी दिनों से फरार चल रहा थी। जीएसटी विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पहले ही अफजल सिजाणी और मुहम्मद अब्बास, रफीक अली को गिरफ्तार किया था। लेकिन नीलेश फरार चल रहा था और उसकी तलाश की जा रही थी।

### 13 बदलावों के साथ आए 3 नए राफेल

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना को तीन नए राफेल विमानों का बूस्टर शॉट मिल गया है। भारत को घातक बनाने के लिए इंडिया स्पेसिफिक इन्हैंसमेंट (ISE) के साथ राफेल लड़ाकू विमानों की पहली खेप मंगलवार को पहुंची। 13 तरह के ड्डस्थ्व और हार्डवेयर ट्विस्ट के साथ इनमें टॉप नॉच पर फायर कैपेबिलटी शामिल है। इनका सॉफ्टवेयर भारत में ही अपग्रेड होगा। इन बदलावों में रडार एन्हैंसमेंट, इजरायल के हेलमेट–माउंटेड डिस्प्ले, लो–बैंड जैमर, टोड डिकॉय सिस्टम, 10 घंटे की फ्लाइट डेटा रिकॉर्डिंग और लद्दाख जैसे हाई एल्टीट्यूड रीजन के लिए कोल्ड स्टार्ट इंजन कैपेबिलटी बढ़ाई गई हैं।

### संबंध बनाने से इनकार पर हैवान बना पिता

#### बेटी की हत्या कर डेड बॉडी से किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** गुना जिले में पिता के द्वारा अपनी बेटी के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। पिता ने हत्या के बाद 14 साल की बेटी के शव से दुष्कर्म किया है। बताया जा रहा है कि पिता ने बेटी को पहले जंगल में ले जाकर रेप की कोशिश की। जब बेटी ने विरोध किया तो पिता हैवान बन गया और बेटी का गला दबाकर उसे मौत की घाट उतार दिया। उसके बाद भी यह हैवान पिता नही रुका और बेटी शव के साथ रेप किया। आरोपी पिता घटना को अंजाम देने के बाद खुद ही थाने में बेटी की गुमशुदगी भी लिखाने पहुंच गया। पुलिस ने जब सख्ती से उससे पूछताछ की तो उसने पूरा सच उगल दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दे यह सनसनीखेज मामला गुना जिले के एक गांव का है। गांव के रहने वाले 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट कैंट थाने में दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसकी 14 वर्ष की बेटी मंगलवार दोपहर 12 बजे घर से अचानक कहीं गायब हो गई है। पिता की रिपोर्ट पर कैंट थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।



## 3 साल पहले ही हार्ट अटैक का पता लग जाएगा

**नई दिल्ली।** दिल की बीमारियों का शिकार अब ना सिर्फ बुजुर्ग, बल्कि युवा पीढ़ी के लोग भी तेजी से हो रहे हैं. हार्ट अटेक के बढ़ते मामले खुद इस बात का सबूत है. हालांकि वैज्ञानिकों ने अब एक ऐसा टेस्ट खोज निकाला है जिसकी मदद से लगभग तीन साल पहले ही हार्ट अटेक के जोखिम का पता लगाया जा सकता है. इससे हार्ट अटेक से होने वाली मौतों का खतरा काफी हद तक कम हो सकेगा।



### मौत का खतरा होगा कम

इसके लिए वैज्ञानिकों ने हार्ट अटेक के पूर्व पीड़ितों के सी–रिएक्टिव प्रोटीन की जांच की है. यानी एक ऐसा संकेत जो इंफ्लेमेशन के बारे में बताता है. उन्होंने ट्रोपोनिन का भी स्टैंडर्ड टेस्ट किया. ये वो प्रोटीन है जो हार्ट डेमेज होने पर खून में से निकलता है. रिपोर्ट बताती है कि ह्र।स्र के करीब ढाई लाख रोगियों में जिनका सीआरपी लेवल बढ़ा हुआ था और ट्रोपोनिन टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए थे, उनमें तीन वर्ष में मौत की संभावना करीब 35 प्रतिशत थी। वैज्ञानिकों की इस खोज से सही समय पर मॉनिटरिंग और एंटी–इंफ्लेमेटरीज़ दवाओं की सलाह देकर लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है. इंपीरियल कॉलेज ऑफ लंदन के डॉ. रमजी खमीज ने बताया कि इस टेस्ट की खोज ऐसे समय पर हुई है जब अन्य टेस्ट से ज्यादा कमजोर लोगों में इसके खतरे की पहचान की जा रही है।

इस स्टडी के लिए फंड जारी करने वाले ब्रिटिश डार्ट फाउंडेशन के प्रोफेसर जेम्स लीपर ने कहा, यह डॉक्टर्स की मेडिकल किट में शामिल होने वाला एक बेशकीमती टूल है. एक स्टडी में पाया गया है कि दिन में करीब चार घंटे एक्टिव रहने से हार्ट डिसीज का खतरा 43 प्रतिशत तक कम हो जाता है.

### हार्ट अटेक के लक्षण

सेंटर्स फॉर डिलीज कंट्रोल एंड प्रीवेशन (ष्टष्टष्ट) ने हार्ट अटैक के बहुत सारे लक्षण बताए हैं इसमें छाती में दर्द और या बेचैनी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, कमजोरी, जबड़े गले या कमर में दर्द होना भी इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल है. इसके अलावा दोनों हाथ या कंधों में 7 दर्द या ये पैमी के लक्षण से भी हार्ट अटैक को पहचाना जा सकता है. साथ में नकलीफ भी हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है.।

## दक्षिण–पश्चिम मप्र में भूकंप के झटके

भोपाल । इंदौर से 125 किमी दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम में आज सुबह 4.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मैग्नीट्यूड दर्ज की गई है. भूकंप का केंद्र इंदौर के नजदीक निमाड़ क्षेत्र में बताया जा रहा है. बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके महसूस होने के बाद निमाड़ के आसपास के क्षेत्र के लोग घरों से बाहर निकल आए. कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए. हालांकि, किसी भूकंप से किसी बड़े नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है और ना ही कोई जनहानि हुई है। इससे पहले राजस्थान की राजधानी जयपुर में 18 फरवरी की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. इनकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.8 मापी गई थी. भूकंप के हल्के झटके सुबह 8 बजकर 1 मिनट पर लगे थे. इनको सीकर और फतेहपुर में भी महसूस किया गया था।

**रिक्टर स्केल पर 3.5 मैग्नी दर्ज की गई तीव्रता**

### बिलहरी शासकीय स्कूल का मामला
## पीड़िता ने एसपी से की शिकायत

**जबलपुर, यशभारत।** सरकारी स्कूल के एक अययाशबाज शिक्षक से 50 साल की आदिवासी महिला परेशान है। मास्टर साहब महिला पर बुरी नजर रखते हैं , इसको लेकर कई बार वह परेशान कर चुकें हैं। शिक्षक की बात नहीं मानने पर महिला को घर से बेघर करने की धमकी दी जा रही है। पूरा मामला बरेला के बिलहरी शासकीय स्कूल का है। पीड़ित आदिवसी महिला ने शिक्षक के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपी है।एसपी कार्यालय पहुंची बिलहरी निवासी आदिवासी महिला ने बताया कि सरकारी स्कूल के शिक्षक से वह परेशान हो चुकी है, शिक्षक उस पर बुरी नजर रखते है। उसकी बात नहीं मानने पर घर से बेघर करने की धमकी दे रहा है। बरेला पुलिस को शिकायत करने के बाद भी शिक्षक पर कार्रवाई नहीं हुई। महिला की माने तो शिक्षक उसका घर हड़पना चाहता है और इसके लिए मानसिक प्रताड़ित कर रहा है।

## सरकारी स्कूल का शिक्षक 50 साल की आदिवासी महिला पर रखता है बुरी नजर



### घर में अकेली थी शिक्षक आया और पकड़ लिया हाथ

महिला ने बताया कि 14 फरवरी को वह घर में अकेली थी। तभी शिक्षक घर पहुंचा और हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें करने लगा। शिक्षक का कहना था कि वह उसकी झूठी शिकायतें करना बंद कर दें और उसकी हो जाए। शिक्षक धमकी देता है कि वह उसका मकान खाली करा देगा उसकी एप्रोच बहुत उपर तक है उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ लेगा।

### अकेली इसलिए परेशान किया जा रहा

एसपी को शिकायत में महिला ने बताया कि पति की मौत हो चुकी है और इस वजह से उसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिला का कहना है कि अकेली होने के कारण शिक्षक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

### मेडिकल अधीक्षक का पहले सम्मान,फिर सुनाई समस्याएं
## मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, यशभारत।** मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा डॉ. अरविन्द शर्मा को संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, जबलपुर बनने पर शुभकामनायें दी गई एवं उनका स्वागत किया गया। संघ द्वारा उन्हे कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिये ज्ञापन भी सौंपा। संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से नवागत अधीक्षक से मांग रखी कि अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के रिएम्बर्समेंट बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है इसके सर्विस बुक का संधारण करने में भी अब तक लापरवाही हुई। इन्हीं मांगों को लेकर अधीक्षक का पहला सम्मान किया गया इसके बाद मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर विभागीय अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे,आर अर चतुर्वदी, प्रशांत श्रीवास्तव, घनश्याम पटेल, राजेंद्र बढूटी, अंशु कांड्रा, संतराम मरावी, दिलीप श्रीवास्तव, जगमान सिंह ठाकुर रमेश उपाध्याय, संदीप पाठक, विवेक सोनी, विवेक पटेल, सचिन साहू, वैभव आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मुख्य अभियंता को 2 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ विभागीय समिति बरगी हिल्स स्थाई कर्मी प्रकोष्ठ के द्वारा रवि कांत दहायत जिला शाखा अध्यक्ष जबलपुर के नेतृत्व में मुख्य अभियंता रानी अवंती बाई सागर परियोजना बरगी हिल्स जबलपुर को 2 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया जिसमें स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ एवं परामर्श दात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने बाबत मुख्य अभियंता द्वारा मांगों के संबंध में शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया जिसमें विभागीय अध्यक्ष वैद्यनाथन अय्यर स्थाई कर्मी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम विशाल यादव कोषाध्यक्ष गोरे लाल किरार श्याम रजकउपाध्यक्ष मुनेंद्र दुबे सचिव रणवीर सिंह अहलूवालिया वालिया शिव नारायण साहू अंबर बोस चतरृप्रसाद यादव कंधी लाल सहित समस्त कर्मचारी जन उपस्थित थे।

## घरों में चलने लगे पंखे

जबलपुर । नगर में अब मौसम के मिजाज तीखे होने लगे हैं। दक्षिणी हवा ने शहर के मौसम को बदल दिया। आज सुबह का न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से 5 डिसे अधिक रहा है। इससे ठंड विदाई की तैयारी में है।इससे दिन के साथ रात में भी गर्माहट की शुरुआत हो गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी के आसार जताए हैं। रात में पंखे चलाने पड़े। दिन में तेज धूप निकलने से पारा 32 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंचने लगा । इस बढ़ोतरी से दिन में गर्मी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार दिन में तापमान बढ़ने से बादल छाने के आसार हैं। हालांकि बारिश के आसार नहीं है। बादलों के चलते मौसम में बदलाव आ रहा है।

## भविष्य निधि ने दी सौगातें

**जबलपुर।** डिजिटल इण्डिया के तहत भविष्य निधि कार्यालय, जबलपुर द्वारा नियोक्ताओं एवं भविष्य निधि सदस्यों के लाभार्थ कई ऑनलाइन सुविधाएँ प्रदान की गयी है, जिसमें नियोक्ता द्वारा भविष्य निधि सदस्यों का मासिक भविष्य निधि अंशदान ई0सी0आर0 के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना, भविष्य निधि सदस्यों के आधार एवं बैंक के0वाय0सी0 को ऑनलाइन यू0ए0एन0 से लिंक किया जाना, भविष्य निधि सदस्यों द्वारा विभिन्न दावों (जैसे- अग्रिम, अंतिम भुगतान तथा पेंशन) को ऑनलाइन जमा करनें की व्यवस्था, ऑनलाइन डिजिटल लाइफ सर्टिफिक्रेट जमा किया जाना आदि सुविधाएँ प्रदान किया जाना महत्वपूर्ण पहल है। यह जानकारी प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने दी। इस दौरान क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-2 शुभम अग्रवाल, पीके प्रधान भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि भविष्य निधि सदस्य एवं पेंश नर उमंग एप के माध्यम से भी ऑनलाइन सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है।

भारत सरकार द्वारा नए रोजगार सृजन हेतु आरंभ की गयी ''आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना'' का लाभ प्राप्त करने के लिये नियोक्ताओं का 31 मार्च 2022 तक अपनी संस्थान का पंजियन कराने की ऑनलाइन व्यवस्था की गयी है।

## नियोक्ता एवं भविष्य निधि सदस्यों के लाभार्थ कई ऑनलाइन सुविधाएँ

### 1000 कर्मचारियों से कम स्ट्रेंथ वाली कंपनियों में पीएफ का नियोक्ता और कर्मचारी दोनों का हिस्सा केंद्र सरकार भरेगी




नियोक्ता द्वारा 31 मार्च 2022 तक अपनी संस्थान का पंजीयन किये जाने पर आगामी 2 वर्षो तक संस्थान द्वारा नियोजित नए कर्मचारियों को उक्त योजना का लाभ प्राप्त होगा। इस योजना के तहत 1000 कर्मचारियों से कम स्ट्रेंथ वाली कंपनियों में पीएफ का नियोक्ता और कर्मचारी दोनों का हिस्सा केंद्र सरकार भरेगी। वहीं 1000 से अधिक कर्मचारी वाली कंपनियों में पीएफ के लिए कर्मचारी का हिस्सा 12 प्रतिशत सरकार वहन करेगी। उक्ताशय की जानकारी क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने पीएफ ऑफिस में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया इस योजना के तहत अगर ईपीएफओ-रजिस्टर्ड प्रतिष्ठान ऐसे नए कर्मचारियों को लेते हैं, जो पहले पीएफ के लिए रजिस्टर्ड नहीं थे या जो नौकरी खो चुके हैं, तो यह योजना उनके कर्मचारियों को लाभ देगी। मुख्य नियोक्ताओं के लिए ऑनलाइन च्तपदबपचंस म्उचसवलमत च्वतजंस की सुविधा प्रदान की गयी है जिसके माध्यम से मुख्य नियोक्ता संस्थान के अंतर्गत कार्यरत ठेकेदारों/ठेका कर्मियों के द्वारा भविष्य निधि अंषदान के भुगतान की जानकारी प्राप्त कर सकते है।वर्तमान में भविष्य निधि संगठन द्वारा भविष्य निधि सदस्यों को ऑनलाइन ई-नामांकन (म.दवउपदंजपवद) की सुविधा प्रदान की गयी है। अतः भविष्य निधि सदस्यों से अपील की जाति है कि वे जल्द से जल्द ई-नामांकन जमा करें एवं अबाध्य रूप से भविष्य निधि संगठन की समस्त ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें। क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा ''आपका कार्यालय आपके द्वारा'' की परिकल्पना को साकार करने के लिये सदा प्रयासरत है एवं मृत्यु प्रकरणों के मामलों में कार्यालय द्वारा तत्परता से कार्यवाही की जाती है, किसी हादसे में भविष्य निधि की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर क्षेत्रीय आयुक्त-। के मार्गदर्शन में मृत्क सदस्य के आश्रितों को समस्त देयकों का भुगतान कम से कम समय में किया जाना सुनिश्चित किया जाता है।क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा पिछले दो वर्षों में लगभग 51,000 ई0पी0एफ0 सदस्यों को 99 करोड़ रूपये का कोविड़ एडवांस प्रदान किया गया जोकि कोविड़ के समय उनके लिए एक प्रमुख आर्थिक आधार साबित हुआ। क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में आने वाले समस्त दावों का दस दिन में एवं मृत्यु प्रकरणों को केवल तीन दिन में निपटाया जाता है।श्री सहरावत बताया कि ईपीएफओ की सभी सेवाएँ ऑनलाइन की गई हैं। शिकायतों से लेकर समस्याओं के समाधान पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे हैं।

### सांसद विवेक तन्खा ने भी कहा मध्यप्रदेश में लागू हो पुरानी पेंशन
## राजस्थान में पुरानी पेंशन लागू होने से जागी आस



जबलपुर यश भारत। 1 जनवरी 2004 के बाद से केंद्र और राज्य सरकार की सेवा में आए कर्मचारियों में राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना लागू होने की घोषणा से उनमें हर्ष और उम्मीद की किरण जाग गई है। इसी बीच राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा ने भी मांग की है कि मध्यप्रदेश में भी पुरानी पेंशन योगा योजना लागू की जाए। इसके लिए उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ट्वीट करते हुए बधाई दी और कहा कि यह उत्तम कार्य है। दूसरी ओर नई पेंशन योजना के खिलाफ आंदोलनरत संगठनों ने भी एक बार फिर से अपनी आवाज बुलंद करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन वाजपेई सरकार ने 1972 से चल रही पुरानी पेंशन को समाप्त करते हुए 1 जनवरी 2004 के बाद भर्ती कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन समाप्त करते हुए नई पेंशन योजना लागू कर दी। इसके साथ ही बंगाल और केरल केरल छोड़कर देश के सभी राज्यों के कर्मचारियों को भी नई पेंशन योजना के दायरे में ला दिया। दूसरी ओर कर्मचारियों का कहना है कि नौकरी के बाद बुढ़ापे के दौरान पेंशन के रूप में जो सबसे बड़ी आर्थिक सुरक्षा थी उसे सरकार ने छीन लिया है। यहां तक की सुप्रीम कोर्ट ने भी पेंशन को मूलभूत और स्वाभाविक बताते हुए सरकारी कर्मचारियों के लिए अविभाज्य अंग बताते हुए इसे कोई एहसान नहीं बताया है । इसके खिलाफ तमाम केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी आंदोलन चला रहे हैं ।जिसे अब वह तेज करने के मूड में हैं। जानकारी के अनुसार शीघ्र ही छत्तीसगढ़ सरकार भी अपने कर्मचारियों को यह सौगात दे सकती है ।उधर रक्षा मंत्रालय के पुरानी पेंशन वापस लाओ आंदोलन चलाने वाले संगठनों के अखिलेश पटेल अनिल गुप्ता राम भवन पटेल संतोष सोनी राजेश मिश्रा श्रीनिवास हृदेश यादव आशीष तिवारी मनोज साहू राकेश दुबे राजेंद्र कुर्मी शशि भूषण पांडे राजा पांडे रोहित यादव एवं उत्तम विश्वास आदि ने भी सरकार से मांग की है कि नई पेंशन योजना समाप्त कर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में बहाल किया जाए।

## शिप माडलिंग और आपदा प्रबंधन का मिल रहा प्रशिक्षण

जबलपुर, । नगर में एनसीसी के चार शिविर संचालित हो रहे हैं। जिनमें करीब हजार के लगभग कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। एनसीसी की बी और सी प्रमाणपत्र की परीक्षाएं आगामी दिनों में होने वाली हैं। कैडेटों को परीक्षा की तैयारी के लिए शिविरों का आयोजन अलग-अलग एनसीसी यूनिट द्वारा किया जा रहा है। जिसमें वर्तमान में शहर मकोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कैडेट सुबह छह बजे शिविर में शामिल होकर दिन भर प्रशिक्षण लेते हैं और शाम को घर चले जाते हैं। शिविर में कैडेट को घुड़सवारी, परेड, हथियारों के प्रशिक्षण के साथ शिप माडलिंग, खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वेटरनरी महाविद्यालय में मिल रहा घुड़सवारी का प्रशिक्षण वनएमपी आरएंडवी स्काड्रन एनसीसी वेटरनरी महाविद्यालय द्वारा सीएटीसी-10 का आयोजन किया जा रहा है। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र तनेजा के निर्देशन में कैडेटों को परेड, घुड़सवारी व हथियारों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आर के चिकारा एसएम ने पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। कैडेटों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया। कैडेटों को सेवानिवृत्त कर्नल एसएस बघेल ने भारतीय सेना में भर्ती होने की जानकारी दी। इसके साथ ही नगर निगम के अग्निशामक दल द्वारा आपदा प्रबंधन के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. आरके शर्मा ने ग्रुप कमांडर से मुलाकात की। टू एमपी नेवल यूनिट एनसीसी द्वारा विद्यानगर खेल मैदान जीसीएफ में सीएटीसी-11 शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कमांडर अमित शर्मा के निर्देशन में शिविर में कैडेटों को शिप माडलिंग की जानकारी दी गई। विशेषज्ञ एसएम आइआरके अदलखा ने शिप माडलिंग के अंतर्गत शिप के सभी भागों के नामों और कार्यों को समझाया। साथ ही भारतीय नौसेना में इसके उपयोगों को बताया। नेवल पीआइ स्टाफ ने नेवी के सीमेनशिप की भूमिका, उपकरणों की जानकारी दी। बी प्रमाणपत्र के प्रशिक्षण के समाप्त होने के बाद आने वाले दो दिन और 52 एनसीसी कैडेट को सी प्रमाण पत्र के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। टू एमपी कन्या बटालियन द्वारा आयोजित शिविर में कैंप कमांडेंट कर्नल मकसूद अली खान के निर्देशन में अलग-अलग प्रशिक्षण चल रहा है।

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईकोनिक काजल फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरुम
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मों: 9826243750

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईडक्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Joumal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोंस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइंटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339
क्लीनिक
मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय
दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहॉ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
-: सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉंत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. काडियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

BANSAL NEWS
बंसल न्यूज का सामाजिक सरोकार
महाकौशल के विकास पथ की बात और सम्मान
मुख्य आतिथि
श्री विवेक तन्खा
राज्यसभा सांसद
श्री प्रहलाद पटेल
केन्द्रीय राज्यमंत्री
श्री शरद द्विवेदी
एडीटर इन चीफ
अतिथि
अजय विश्नोई (विधायक) ,अशोक रोहाणी (विधायक)
सुशील तिवारी इन्दू (विधायक), नन्दनी मरावी (विधायक)
लखन घनघोरिया (विधायक) ,तरूण भानोत (विधायक)
विनय सक्सेना (विधायक), संजय यादव (विधायक)
Supported by
PRINT MEDIA PARTNER
यश भारत
SPORNSOR
CO-SPORNSOR
26 फरवरी 2022, शाम : 4:00 बजे
स्थान- होटल समदड़िया, डॉ. बराट रोड, रसल चौक, जबलपुर
समन्वयन- अमित सोनी, 9827519999
नोट- कार्यक्रम में कोविड गाइड लाइन का पालन अवश्य करें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

विजय नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

# जबलपुर की बंटी-बबली गैंग का पर्दाफाश

**जबलपुर, यशभारत। बेगानी शादी में अबदुल्ला दीवाना...की तर्ज और बंटी-बबली फिल्म को देखकर शादियों में हाथ साफ करने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। जबलपुर की बंटी-बबली की यह जोड़ी सोशल मीडिया पर जारी हुए वीडियो फुटेज को देखकर घबरा गए और यहां-वहां छुपने का प्रयास करने लगे। तो वहीं दूसरी ओर मिले सबूतों की बिनाह पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।**

जानकारी अनुसार दोनों की तलाश में विजयनगर, संजीवनी नगर, अधारताल समेत कई इलाकों में पुलिस ने दबिश दी। इसी दौरान दरमियानी रात पकड़े गए शुभम मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह बल्देव वाग में पिन्टू कुमार के मकान में रहता है। यहीं रहकर जीवन निर्वाह हेतु छोटे-मोटे काम किया करता हैं।

## 2021 में की थी लव मैरिज

पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि संजीवनी नगर निवासी से उसने 2021 में लव मैरिज की थी। दोनों साथ में ही रहते और शादियों में बिन बुलाए चले जाते थे। पुलिस को बताया कि वह शहर या गांव कहीं की भी शादी पर बगैर बुलाए पहुंच जाते थे, शादी समारोह में

### बिन बुलाए मेहमान बनकर पहुंच जाते थे शादी में, पूछताछ जारी

ऐसे लोगों से घुल-मिल जाते थे कि वह परिवार के सदस्य हों या परिचित के हों। और फिर सूना पाकर पूरी वारदात को अंजाम देकर आराम से निकल जाते थे। विजय नगर में की चोरी की वारदात के पुलिस को मिले वीडियो की बिनाह पर




दोनों को दबोच लिया गया।

## यह है मामला

विजयनगर थाना क्षेत्र में अग्रसेन मंडपम शादी में शहपुरा निवासी रानू बरमैया पत्नी के साथ आए थे। उन्होंने बताया कि रात में जयमाला होने से पहले उन्होंने करीब तीन लाख की ज्वेलरी उतारकर ट्रॉली बैग में रख दी थी। इसके बाद आटिजफिशियल ज्वेलरी पहनकर कार्यक्रम में चले गए। घटना के पूर्व दोपहर में एक युवक और युवती हॉल को शादी के लिए बुक कराने की बात कहकर हॉल देखने के बाद दही-बड़े खाते हुए रानू के कमरे में पहुंचे। यहां उन्होंने कमरे को देखने के साथ ही रेकी कर ली। शाम को जयमाला के दौरान आरोपी ट्रॉली बैग लेकर भाग गए।

उमरिया में चोरों का धाबा

# 40 हजार के जेवरात और गेहूं कर दी पार



जबलपुर, । शहर में चोरी की वारदात लगातार बढ़ती जा रहीं है। ताजा मामला पनागरा के उमरिया का है, जहां चोरों ने धाबा बोलकर सूने मकान का ताला तोड़ा और जेवरात सहित गेहूं पार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि वह मां का इलाज कराने महाराजपुर लाया था। उसके सूने में चोरों ने करीब चालीस हजार की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।जानकारी अनुसार रजनीश कुमार पटैल 45 वर्ष निवासी उमरिया पठरा वर्तमान पता पटैल नगर महाराजपुर अधारताल ने पुलिस को बताया कि उसका पुस्तैनी मकान ग्राम उमरिया पठरा में है जहां उसकी मां सिया बाई रहती हैं। मां की तबियत खराब होने के कारण उन्हें अपने साथ महराजपुर ले आया था पुस्तैनी मकान में ताला लगा दिया था। पड़ौसी ने बताया कि घर के बाहर के कमरे का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद मौके पर पहुंचा तो देखा कि मकान के सामने दरवाजे का ताला टूटा था अंदर कमरे की आलमारी में रखे सोने की झुमकी, अंगूठी, तथा चांदी की पायल तथा ड्रमों में रखा लगभग 1 क्विंटल गेहू गायब था।

## तिलवारा, कोतवाली में टूटे सूने मकानों के ताले

**जबलपुर, यशभारत।** चोरों के हौसले सांतवे आसमान पर है। जिसके चलते तिलवारा और कोतवाली में जहां दो सूने मकानों के ताले टूटे तो वहीं लार्डगंज में एक्सिस की डिक्की से 6 मोबाइल चोरी हो गए। तीनों ही मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार थाना तिलवारा में अतुल पाण्डे 42 वर्ष निवासी सोनी कालोनी तिलवारा ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित सिहोरा के पास दिनारी खमरिया में मामाजी के यहां भागवत कथा पुराण समारोह में गया था। जब घर वापस आया तो मेन गेट का ताला लगा था गेट खोलकर अंदर जाकर देखा तो दरवाजे का ताला टूटा था अंदर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे हुए सोने-चाँदी के जेवर और नगद 2500 रूपये गायब थे। चोरों ने नगदी सहित लगभग 55 हजार 500 रूपये की चोरी कर फरार हो गए।

तिलहरी लूट, हत्याकांड

# नाकाबंदी तगड़ी होती तो भाग नहीं पाते लुटेरे, 12 को ही पकड़े जाते

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में एटीएम कैश वैन के गार्ड की हत्या प्रकरण में शहर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गयी है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अगर शहर की नाकाबंदी मजबूत होती, तो आरोपी जबलपुर में एक दिन रुकने के बाद यहां से भाग नहीं पाते। उल्लेखनीय है कि आरोपियों ने 11 फरवरी को वारदात को अंजाम दिया और 12 फरवरी को वह बड़े इत्मिनान से अपने गांव उत्तर प्रदेश निकल गए। लूट-हत्या के बाद आरोपी एटीएम बैंक के पीछे भी घूमते रहे ,फिर उन्होंने जबलपुर में रात काटी इसके बाद वह दूसरे दिन शहर से भागे। घटना के बाद अगर चुनाव के समय जैसे नाकेबंदी होती तो ऐसा जानकारों का मानना है कि लुटेरे दूसरे दिन ही जबलपुर पुलिस के गिरफ्त में आ जाते। यह अपनी जगह है कि क्योंकि बनारस तक कवायद करके पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर दिया है। इधर पुलिस दोनों भाईयों ने वाराणसी से अवैध हथियार खरीदे थे, जिसका पुलिस पता लगा रही है। इसके साथ ही पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर दोनों की आपराधिक कुंडली खंगाल रही है।

एएसपी गोपाल खांडेल ने बताया कि दोनों आरोपी गुजरात में एक शिप कंपनी में बतौर लेबर का काम कर रहे थे, लेकिन अभी तक मिले सबूतों की बिनाह पर गुजरात में दोनों ने किसी अपराध को अंजाम नहीं दिया, क्योंकि दोनों ही किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।



बनारस में किससे खरीदे हथियार, अपराधों की कुंडली खंगालने कॉल डिटेल निकाल रही पुलिस

## हथियार तस्कर तक पहुंच रही पुलिस

पुलिस ने बताया कि दोनों ने वाराणसी से हथियार खरीदे थे, जिसके बाद अब वाराणसी की हथियार तस्कर गैंग का पता लगाने पुलिस सरगर्मी से जुटी हुई है। इसके साथ ही पुलिस को शक है कि अन्य गिरोह के दोनों आरोपियों के तार जुड़े हुए हो सकते है, जिसका भी पता लगाया जा रहा है।

## दो बीघा जमीन के लिए चाचा ने लगाया न्यायालय में केस, आरोपियों के पास नहीं थे पैसे

आरोपी तीन भाई हैं। माता-पिता गांव में रहते हैं। बचपन में पिता से दोनों को चाचा ने गोद ले लिया था। चूंकि चाचा आर्मी में थे। उनकी पोस्टिंग जबलपुर में रही थी। इसलिए यहीं दोनों की शिक्षा आर्मी स्कूल में हुई थी। आर्मी स्कूल में ही उन्होंने हथियारों के बारे जानकारी ली थी। यहीं पिस्टल चलाना सीखा। लंबे समय तक रहने के कारण इलाके से भी वे परिचित थे। मनोज कुमार बीए और सुनील कुमार 12वीं पास है। 2016 में चाचा ने दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद उन्हें घर से निकाल दिया। वह अपने असल माता-पिता के पास लौट गए। उन्होंने ये कहकर रखने से मना कर दिया कि शुरू से चाचा ने रखा, तो उनके पास ही जाओ। फिर भी उन्होंने दो बीघा जमीन दे दी। इसके बाद चाचा ने कोर्ट में केस कर दिया। जो थोड़े बहुत पैसे थे, वह केस में खर्च हो गए।

# धूं-धूंकर जली स्कूटी

### घर के बगल में खड़ी स्कूटी को किया आग के हवाले

**जबलपुर, यशभारत।** थाना पनागर में घर के बगल में खड़ी एक स्कूटी अचानक धूं-धूंकर जलने लगी। जब धुंआ उठा तो परिजनों ने देखा तब तक स्कूटी लगभग आधी जल चुकी है। गनीमत यह रही कि समय रहते जल रही स्कूटी को बुझा दिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि साहिल जैन उम्र 19 वर्ष निवासी बैल बजार पड़ाव पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 11.30 बजे खाना खाकर सो गया था उसकी स्कूटी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस एन 4083 घर के बगल में कुलिया में खड़ी धुंआ-धुंआ सा घर के अंदर आया तो उसकी नींद खुली खिड़की से देखा घर के बगल में खड़ी उसकी एक्सिस जल रही थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी एक्सिस गाड़ी में आग लगा दी है, जिससे स्कूटी का पिछ्ला हिस्सा पूरी तरह जल गया हैं उसने परिवार जनों के साथ आग बुझाई। रिपोर्ट पर कर अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है।

# जबलपुर में 17 साल की किशोरी का अपहरण

### परिजनों ने कहा- बेटी को प्रेम जाल में फांसकर ले गया युवक

**जबलपुर, । हनुमानताल थाना अंतर्गत प्रेम सागर से एक 17 साल की नाबालिग के अपहरण का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी दरमियानी रात घर से गायब हो गयी, जिसके बाद उन्होंने बेटी की सहेलियों, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से संपर्क किया, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।**



परिजनों को शह है कि कोई युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच शुरु कर दी है।पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती रानी चौधरी पति कल्लू चौधरी ने शिकायत देते हुए बताया कि वह जानकीदास मंदिर प्रेम सागर में रहते हैं। घर के सभी लोग काम से बाहर गए हुए थे। जब आकर देखा तो किशोरी घर में नहीं थी। आसपास पता किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि कोई अज्ञात युवक उनकी बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर घर से भगाकर ले गया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई कर, किशोरी को तलाश करने रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप सहित शहर के मुख्य मार्गों पर कड़ी निगाह रखे हुए है।

## भार. मज. संघ के प्रदेश मंत्री ड्यूटी से गायब

व्हीएफजे सुरक्षा विभाग ने की अकस्मात जांच

जबलपुर यशभारत। व्हीएफजे मे कार्यरत भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा बुधवार को सुरक्षा विभाग द्वारा भोजन अवकाश के पहले की गई अकस्मात जांच में अपने अनुभाग से नदारद पाये गए जिसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। उनके नदारद पाये जाने पर कर्मचारियों के बीच तरह तरह की चर्चा है।माना जाता है कि भारतीय मजदूर संघ सत्ताधारी पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुषांगिक संगठन है जो संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हित संवर्धन का दावा भी करता है।कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में निर्माणी मे उत्पादन सत्र का समय मात्र एक माह शेष है।ऐसे में उनके हिस्से का काम दूसरों को करके उनकी अमानी भी निकालना होती है और उनके द्वारा किया जाने वाला काम न होने से उत्पादन प्रभावित होता है।कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें यदि बाहर संगठन का काम करना है तो अपनी छुट्टियों का उपयोग करें।इससे कर्मचारियों पर उनके काम का भार नहीं आयेगा।साथ ही निगमीकरण की जद में आयी निर्माणी पर आर्थिक बोझ नहीं आयेगा।

# नवीन अधिवक्ताओं को मिलेगी सुविधा राशि

**जबलपुर।** बार कौसिंल ऑफ इंडिया की 11वीं परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को शासन द्वारा राशि का वितरण किया जा रहा है। इस परीक्षा में 1660 परीक्षा उत्तीर्ण अधिवक्ताओं की सूचि शासन को भेजी गयी थी जिसमें से शासन द्वारा 1483 अधिवक्ताओं की ही राशि को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के खाते में स्थानातंरित किया गया है। इस मौके पर मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नये अधिवक्ताओं को जल्द ही यह राशि प्राप्त हो जायेगी।



बार कौंसिल ऑफ इंडिया की 11वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नये वकीलों को शासन ने भेजी रकम

वही नवीन अधिवक्ता फॉर्म भरकर व आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता कार्यालय जबलपुर में प्रेषित करें ताकि जल्द से जल्द परषद द्वारा संबंधित अधिवक्ताओं के खाते में राशि का भुगतान किया जा सकें। इस मौके पर अधिवक्ता मनीष तिवारी सहित तमाम मप्र बार कौसिंल के सदस्यों ने सभी नये अधिवक्ताओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिये अपनी ओर से शुभकामनाएं दी है।

जीआरपी ने पड़ताल के बाद संबंधितों को सुपुर्द किया बैग

# प्लेटफार्म पर बाथरूम के पास मिले लावारिस बैग ने उगले दो

जबलपुर यश भारत। जबलपुर से चलकर दिल्ली जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस में कटनी से सवार हुए यात्री का बैग पश्चिम मध्य रेलवे दमोह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के बाथरूम के पास जल्दबाजी में छूट गया जब जीआरपी अपनी गश्त कर रही थी और इसी दौरान उसको प्लेटफार्म में एक लावारिस बैग पड़ा मिला जिसमें सोने के जेवरात मोबाइल एवं नगदी रुपए मिले जिसका कुल मशरुका 2 लाख था जीआरपी ने अपनी सतर्कता से लावारिस बैग को अपने कब्जे में लेकर जीआरपी सहायता केंद्र लाकर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके अंदर नगदी एवं जेवरात रखे हुए थे बैग के अंदर मिले एक मोबाइल के आधार पर संबंधित को इस मामले की जानकारी दी गई जो मौके पर पहुंचे आप दमोह जीआरपी नहीं प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत बैग संबंधों के सुपुर्द कर दिया गया इस संबंध में दमोह जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा के निर्देशन पर डीएसपी रविंद्र गौतम के निर्देशन पर स्टेशन एवं रनिंग ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते जीआरपी को एक सफलता हाथ लगी जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म चेकिंग के दौरान एएसआई मूलचंद और ड्यूटीरत स्टाफ एएसआई श्री बैरागी एएसआई आर एस ठाकुर आरक्षक नवाब आरक्षक रविंद्र आरक्षक मनीष आरक्षक गोपाल एवं महिला आरक्षक स्वाति व प्रिया ट्रेन नंबर 22181 गोंडवाना एक्सप्रेस को अटेंड करते हुए ट्रेन रवाना होने के बाद एक लेडीज बैग लावारिस हालत में पीएफ नंबर 1 बाथरूम के पास रखा मिला जिसे रफीक खान शानू खान के समक्ष उठाकर जीआरपी सहायता केंद्र लाकर साक्षी के समक्ष बैग की तलाशी ली गई बैग में एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल एक सोने का हार एक जोड़ी सोने के कड़ा चार सोने की चूड़ियां चांदी की पायल सोने के 12 नग मोती नगदी ?2000 करीब सामान रखा मिला बैग में मिले मोबाइल से इनकमिंग और आउटगोइंग के नंबर निकाल कर फोन लगाकर अजय मिश्रा नाम के व्यक्ति से बैग के संबंध में चर्चा करने पर अजय द्वारा बताया गया कि वहदमोह में रहता है मेरी भाभी पूनम भैया गणेश मिश्रा व पिताजी रूप नारायण मिश्रा कटनी से गोंडवाना एक्सप्रेस से दमोह आए हुए हैं हो सकता है बैग भाभी का हो सूचना पर पूनम मिश्रा अपने पति गणेश मिश्रा व देवर अजय मिश्रा निवासी दमोह सहायता केंद्र उपस्थित हुए जिन्होंने गोंडवाना एक्सप्रेस का यात्रा टिकट पेश किया बैग देखकर पूनम मिश्रा द्वारा अपना लेडीज बैग बताया बैग में रखे सभी सोने चांदी के जेबर को देखकर स्वयं के जेवर होना बताएं बैग में रखे सभी सोने चांदी के जेवर जिनकी अनुमानित कीमत करीब 200000 थी पूनम मिश्रा उसके पति गणेश मिश्रा को हैंड ओवर किए गए हैं।

जमकर चले बेसवॉल के डंडे, 4 घायल

# दुकान की जगह को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष



जबलपुर,। गोहलपुर की नई बस्ती में दरमियानी रात दुकान की जगह को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। एक-दूसरे पर दोनों ओर से चले बेसवॉल के डंडे और लाठियों के चलते चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। आनन-फानन में सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नई बस्ती बड़ा कुआं के पास चायपान की दुकान संचालकों में जमीन को लेकर झगड़ा हुआ है। थाने पहुंचे मोहम्मद अजहर ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर जमीन, सकील और मुज्जम्मिल अंसारी ने जमकर गालीगलौच की जब उसने विरोध किया तो मारपीट करते हुए बेस बॉल के डंडों से दनादन वार कर दिया जिससे वह और उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गए। तो वहीं जमीन, सकील और मुज्जम्मिल अंसारी ने पुलिस को बताया कि मोहम्मद अजहर और उसके साथियों ने चायपान की दुकान की जमीन बढ़ा ली जब उन्होंने विरोध किया तो सभी ने एकराय होकर, डंडों से वार कर दिया और हथियार लहराने लगे। लोगों ने बीच बचाव किया तब कहीं जाकर आरोपी मौके से फरार हुए। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

## श्रीमती रीना राजपूत का स्वर्गवास



**जबलपुर।** भाजपा नेता हृदेश राजपूत की धर्मपत्नी एवं त्रिपुरी बार्ड की पार्षद श्रीमती रीना राजपूत का स्वर्गवास मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास जे डी ए कालोनी शास्त्री नगर से तिलवारा घाट पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
सिविल इन्जीनियरिंग (निर्माण)
खुली निविदा-संख्या-डिप्टी सीई/सी/कोटा/ निविदा आमंत्रण सूचना/02/2022, दिनांक 18.02.2022

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप.मुख्य इंजीनियर (निर्माण-II),पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.स. 1.निविदा संख्या**-डिप्टी सीई/सी/कोटा/03/2022, **कार्य का विवरण**-किमी 75.00 से 105: पश्चिम मध्य रेल्वे के कोटा मंडल के राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्य में रामगंजमंडी-भोपाल नई बी.जी. रेल लाइन परियोजना के संबंध में अकलेरा-भोजपुर स्टेशन के बीच ट्रैक को जोड़ना और अन्य सहायक और विविध पी.वे कार्यो को करना। **अनुमानित लागत** -रू. 17,42,24,467.93 (टू पैकेट सिस्टम), **क्र.स. 2.निविदा संख्या**-डिप्टी सीई/सी/कोटा/04/2022, **कार्य का विवरण**-किमी 75.00 से 105: पश्चिम मध्य रेल्वे के कोटा मंडल के राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्य में रामगंजमंडी-भोपाल नई बी.जी. रेल लाइन परियोजना के संबंध में अकलेरा-भोजपुर स्टेशन के बीच 60 के.जी./52 के.जी. (90 यू टी एस /72 यू टी एस) रेल्स की मोबाइल फ्लैश बट वैल्डिंग करना। **अनुमानित लागत** -रू. 3,46,71,000.00 (सिंगल पैकेट सिस्टम), **सभी निविदाओं के खुलने की तारीख**-25.03.2022, पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा उप. मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जाऐंगे। ई.निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

उप.मुख्य इंजीनियर (निर्माण-II),
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

वैक्सीन लगवाएं, जीवन के सफर को सुरक्षित बनायें।

# आज से 27 फ रवरी तक बंद रहेगा गेट न. 4 मार्ग- पाइप कलवर्ट का होगा निर्माण




**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक विकास के कार्य किये जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ एवं सीईओ श्रीमती निधि सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में स्मार्ट सिटी के चिन्हित क्षेत्रों में विकास के कार्य तेज गति के साथ कराए जा रहे हैं एवं इन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी निमार्णाधीन कार्यों की नियमित रूप से निगरानी भी कर रहे हैं। प्रचलित निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए शहर के विभिन्न भागों में मुख्य मार्गों एवं पहुंच मार्गों से आवागमन अल्प समय के लिए निर्माण कार्यो की सुविधाओं एवं सुरक्षा उपायों को देखते हुए बंद किया जा रहा है।इस संबंध में

**निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ एवं सीईओ श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने शहरवासियों से की वैकल्पिक मार्गों के प्रयोग की अपील ,पाइप कलवर्ट निर्माण हेतु कार्य के लिए किया जाएगा मार्ग को बंद, असुविधा के लिए जताया खेद**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती राजपूत ने बताया कि राइट टाउन स्थित असीम बाजपेई अस्पताल से कोठारी अस्पताल (गेट न. 4 )को जाने वाला मार्ग एवं इस मार्ग से सम्बंधित शाखाओं में पाइप कलवर्ट निर्माणहेत आज 24 फ रवरी सायं 7 बजे से 27 फ रवरी रात्रि 10 बजे तक कार्य किया जावेगा एवं रोड को बंद रखा जावेगा। उपरोक्त कार्यों को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक आशीष वशिष्ठ एवं सीईओ श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने शहर के सम्माननीय नागरिकों से अनुरोध किया है कि उक्त अवधि में उपरोक्त मार्ग का आवागमन के लिए इस्तेमाल न करें। वैकलपिक मार्गों से आवागमन करें। उन्होंने नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिये खेद व्यक्त किया है।

मप्र के पशुपालन मंत्री का बड़ा बयान

# मिर्ची बाबा को बताया ढोंगी, कमलनाथ के खास आदमी बाबा

**जबलपुर, ।** मध्यप्रदेश के पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने मिर्ची बाबा को लेकर ब?ा बयान जारी किया है। पशुपालन मंत्री ने मिर्ची बाबा को ढोंगी बताते हुए कमलनाथ का खास आदमी बताया है। पशुपालन मंत्री गुरूवार की सुबह सर्किट हाउस में जबलपुर के पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान एक सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि मिर्ची बाबा ढोंगी है और वह कमलनाथ के खास थे। पशुपालन मंत्री ने हिजाब मामले पर कहा कि लोग जागरूक हो रहे हैं, देश सहित प्रदेश में हिजाब को लेकर जागरूकता आएगी।



पशुपालन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में अग्रणी हो रहा है। मालूम हो कि पशुपालन एवं डेयरी मंत्री प्रेमसिंह पटेल और लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव आज जिले के ग्राम खम्हरिया में प्रदेश की पहली डेयरी स्टेट का लोकार्पण करने पहुंचे हैं। मध्यप्रदेश गो-पालन एवं गो-संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्ध्वरानन्द गिरि, अध्यक्ष राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम जसमंत जाटव, विधायक अजय विश्नोई एवं सुशील कुमार तिवारी और अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी जेएन कंसोटिया भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## कांग्रेस के रीवा कार्यक्रम में मिर्ची बाबा की नो एंट्री

पशुपालन मंत्री से पूछा गया कि कांग्रेस का रीवा में कमलनाथ की अगुवाई में एक कार्यक्रम आयोजित था जिसमें मिर्ची बाबा को मंच पर जाने नहीं दिया गया। इस पर पशुपालन मंत्री ने कहा कि मिर्ची बाबा ढोंगी है और वह कमलनाथ के आदमी थे क्यों उनसे बिग? गई मैं नहीं जानता।

न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर
राप्रक्र/2335/अ-6/2021-22/
जबलपुर दिनांक ....2.2022/
आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शमीमा वगैरह पिता श्री अल्ताफ अली निवासी 27 मोती लाल नेहरू वार्डकोतवाली जबलपुर के द्वारा मौजा ब्लॉक 47 स्थित भूमि खसरा नंबर प्लाट नं 22/1 में से रकवा 1230 वर्गफुट भूमि पर स्व श्री अल्ताफ अली की मृत्यु दिनांक 19/4/2021 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 3.3.22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 16.2.2022
पेशी दिनांक 03.3.2022
तहसीलदार अधारताल जबलपुर

# भोपाल एयरपोर्ट पर मुंबई की कंपनी बनाएगी एमआरओ हैंगर

*भोपाल। विमान में अचानक आई खराबी के कारण अक्सर उड़ानों को निरस्त करना पड़ता है। खराबी ठीक करने के लिए एयरलाइंस कंपनियों को दिल्ली या मुंबई से उपकरण मंगाने पड़ते हैं, लेकिन जल्द ही यह बीते दिनों की बात हो जाएगी। एयरपोर्ट अथारिटी ने राजा भोज एयरपोर्ट के पास ही एमआरओ ( मेंटनेंस, रिपेयर एंड ओवरआल ) हैंगर बनाने की स्वीकृति दे दी है।मुंबई की एयरक्राफ्ट रिपेयर एवं मेंटेनेंस कंपनी एयरो टेक्निक्स को अथारिटी ने पांच एकड़ जमीन लीज पर देने का अनुबंध किया है। अथारिटी के पास पुराने एयरपोर्ट टर्मिनल रोड पर स्थित यह जमीन काफी समय से खाली पड़ी थी। यहां कुछ हिस्से पर सोलर पावर प्लांट का निर्माण किया गया है। बचे हुए हिस्से पर एयरो टेक्निक्स एमआरओ हैंगर बनाएगी। बुधवार को दोनों पक्षों के बीच अनुबंध हो गया। निर्माण कार्य एक साल में पूरा होगा। कंपनी को विमानों के नियमित मेंटनेंस के लिए जरूरी उपकरण भी लगाने होंगे।*

### एयरलाइन कंपनियों को होगी सुविधा



एमआरओ हैंगर नहीं होने के कारण विमान में तकनीकी खराबी आने पर स्थानीय स्तर पर उन्हें नहीं सुधारा जा सकता। विमान सुधारने के लिए एयरलाइंस कंपनियों को दिल्ली या मुंबई से इंजीनियर बुलाने पड़ते हैं, इसमें समय और पैसा बर्बाद होता है। हैंगर बनने से कंपनियां रन-वे के पास से ही विमान को हैंगर तक ले जा सकेंगी। बड़ी खराबी को भी कुछ ही मिनटों में सुधारा जा सकेगा। यात्रियों को भी घंटों इंतजार करने की समस्या से निजात मिल जाएगी। विमानों का नियमित मेंटनेंस भी यहां हो सकेगा।

### नाइट पार्किंग को बढ़ावा मिलेगा

एमआरओ हैंगर बनने से एयरलाइंस कंपनियां भोपाल में विमानों की नाइट पार्किंग कर सकेंगी। हैंगर बनने से विमानों की सर्विस रात के समय भी हो सकेगी। हैंगर में विमान की पूरी जांच (ओवरहालिंग) हो सकेगी। सुबह विमान बिना विलंब के समय पर टेकआफ हो सकेंगे। यात्रियों को अचानक उड़ान लेट होने की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।

### एयरपोर्ट अथारिटी को मिलेंगे हर साल दो करोड़

हैंगर का निर्माण होने से एयरपोर्ट अथारिटी को बिना लागत के हर साल करीब दो करोड़ रुपये मिलेंगे। अथारिटी ने कंपनी के साथ जो अनुबंध किया है उसके अनुसार कंपनी को भवन एवं शेड निर्माण के साथ उपकरणों की स्थापना भी अपने स्तर पर करनी होगी। अथारिटी केवल पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगी। एयरपोर्ट डायरेक्टर केएल अग्रवाल के अनुसार अगले साल तक हैंगर बन जाएगा। अब भोपाल से नई एयरलाइंस कंपनियां भी आकर्षित होंगी। उड़ानों की संख्या बढ़ सकती है।

## फर्जी दस्तावेजों को बंधक रखकर लाखों रुपए का लोन वितरित




**भोपाल।** एमपी नगर जोन-दो स्थित एक निजी बैंक के द्वारा फर्जी दस्तावेजों को बंधक रखकर लाखों रुपए का लोन वितरित करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में बैंक प्रबंधन की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। एमपी नगर थाना पुलिस के मुताबिक कोहेफिजा निवासी सैयद नासिर अली ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि उनकी मां रजिया बानो, मामा के लड़के नवेद उर रहमान कुरैशी, मामा की लड़की जीवा सुल्तान एवं मामी किश्वरजहां की 483 एकड़ जमीन तहसील रहटी, जिला सीहोर में है। उस जमीन पर किसी ने इंडसइंड बैंक एमपी नगर शाखा से 40 लाख रुपये का लोन लिया है। नासिर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बैंक जाकर पड़ताल की तो पता चला कि किसी ने बैंक में जो जमीन के कागजों की छायाप्रति बैंक में बंधक रखी है। उसमें उसके परिवार के लोगों के नाम तो लिखे है, लेकिन फोटो अन्य महिला, पुरुषों की लगाई गई है। जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी करने का केस दर्ज किया गया है। जांच के दौरान यह भी पता चला कि 483 एकड़ जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर वर्ष 2018 में भी आइसीआइसीआइ बैंक से 20 लाख रुपये का लोन निकाला जा चुका है। इसके अलावा शातिर ठगों ने उक्त जमीन का इंदौर के किसी व्यक्ति से एक करोड़ 44 लाख रुपये में सौदा भी कर लिया है। साथ ही उससे कुछ राशि एडवांस में भी ले ली है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सावधान आप भी तो नहीं पी रहे भोपाल में मिलावटी दूध !



**भोपाल।** भोपाल दुग्ध संघ के एक टैंकर में भरे दूध में मिलावट की आशंका के बीच कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक नितिन धुर्वे को निलंबित कर दिया है। टैंकर मालिक सुमेर सिंह को नोटिस देकर तीन दिन में जवाब मांगा है। कार्रवाई मंगलवार को की है। टैंकर एमपी 04 जीबी 2799 मार्ग दो पर चल रहा था जो सोमवार रात में दूध लेकर संघ के प्लांट में आया था। इसमें भरे दूध की पुन: जांच करने पर गुणवत्ता में अंतर मिला था। दुग्ध संघ ने नितिन पर गलत जांच करने और टैंकर मालिक पर लालच व धमकी देकर गुणवत्ता को बेहतर कराने के आरोप लगाए हैं। टैंकर खड़ा करा लिया है। बता दें कि पूर्व में दुग्ध संघ से अनुबंधित एक टैंकर में अलग चैंबर मिला था, जिसमें दूध की जगह पानी भरा जाता था। दूसरे टैंकर को सीहोर के हीरापुर फार्म हाउस पर दूध निकालकर पानी मिलाते पकड़ा था और तीसरे टैंकर को मंडीदीप के पास रंगे हाथों दूध में मिलावट करते पकड़ा था। भोपाल दुग्ध संघ सांची के नाम से उपभोक्ताओं को दूध व अन्य उत्पाद बेचता है।

### कार्रवाई पर सवाल

- नितिन धुर्वे को सीईओ ने निलंबित किया लेकिन टैंकर मालिक सुमेर सिंह को महाप्रबंधक संयंत्र संचालन भरत अरोरा ने नोटिस दिया। विशेषज्ञों के मुताबिक सीईओ को ही नोटिस देना था।
- नोटिस में प्रयोगशाला सहायक को धमकाने और लालच देने का जिक्र किया है। यदि धमकाया है तो टैंकर मालिक के खिलाफ एफआइआर दर्ज क्यों नहीं कराई गई।
- यदि प्रयोगशाला में दूध की जांच केवल नितिन ही कर रहा है तो यह गंभीर अनदेखी है और यदि जांच प्रयोगशाला प्रभारी के निर्देशन में होती है तो अकेले नितिन पर ही कार्रवाई क्यों की गई। प्रभारी व अन्य की जिम्मेदारी क्यों तय नहीं की। इनके मैसेज व वाट्सएप पर होने वाली बातचीत को जांच के दायरे में क्यों नहीं लिया जा रहा। यदि दूध की गुणवत्ता में अंतर है तो इसका मतलब डिजिटल लाकर तोड़कर गड़बड़ी की है। तब इन्हें सबसे सुरक्षित कैसे बताया गया था। क्या भरोसा है कि दूसरे टैंकरों में लगे डिजिटल लाकर के साथ छेड़छाड़ न की जा रही हो। दूध की गुणवत्ता के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। यह घटना इसका उदाहरण है। इस सांठगांठ में कई शामिल हो सकते हैं। उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिए। दुग्ध संघ में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों की संपत्ति की जांच हो।

## ठेलों से लग रहा जाम, राहगीर परेशान

**भोपाल।** राजधानी के उपनगर बैरागढ़ में सर्राफा बाजार एवं पंजाब नेशनल बैंक रोड के आसपास सब्जी के ठेले खड़े होने से क्षेत्र के नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है। सुबह एवं शाम के समय यहां वाहनों की आवाजाही आसानी से नहीं हो पाती। इससे अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और लोगों को परेशानी से गुजरना पड़ता है। क्षेत्र के व्यापारियों ने कई बार नगर निगम से इसकी शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। व्यापारियों ने इसकी शिकायत कई बार सीएम हेल्पलाइन में की। शिकायत के बाद निगम का अमला सब्जी के ठेलों को सख्ती से हटा देता है। व्यापारियों के अनुसार निगम का अमला जाने के बाद ठेला व्यवसायी वापस सड़क पर आकर खड़े हो जाते हैं इससे सड़क पर जाम लग जाता है। इस क्षेत्र में कई बार वाहन चालकों की ठेला व्यवसाइयों से बहस हो चुकी है। कई बार लड़ाई-झगड़े की नौबत आ जाती है। ठेला व्यवसायियों को हाकर्स कार्नर में जगह देना चाहिए।

## 632 पदों की भर्ती में 495 चिकित्सा अधिकारी ही मिले

# प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में सब ठीक का दावा,लेकिन हकीकत कुछ और



भोपाल। सरकार भले ही प्रदेश की स्वास्थ्य विभाग में सब कुछ ठीक का दावा करे लेकिन हकीकत कुछ और है। प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हो पा रही है। फरवरी 2021 में 632 पदों पर लोक सेवा आयोग के जरिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। साक्षात्कार के बाद 495 चिकित्सकों की चयन सूची जारी की गई, लेकिन इनमें 401 ने ही ज्वाइन किया। ऐसे में शासन ने ज्वाइन नहीं करने वाले 94 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति को पिछले हफ्ते निरस्त कर दिया है। उनकी जगह अनुपूरक सूची में शामिल 64 चिकित्सकों को नियुक्ति का मौका दिया गया है। इस सूची में शामिल चिकित्सकों से उनकी पसंद के अस्पताल के लिए 27 फरवरी तक ऑनलाइन विकल्प मांगा गया है। उम्मीदवारों को gazattedpg@gmail.com पर विकल्प भेजना है। बता दें कि जिन डॉक्टरों की नियुक्ति निरस्त की गई है, उनकी पदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , सिविल अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में की गई थी।

### नियमित भर्ती के बाद भी नहीं मिल रहे

2010 में मेडिकल ऑफीसर्स के 1090 पदों के विरुद्ध 570 डॉक्टर ही मिले थे। इसके बाद करीब 200 डॉक्टरों ने पीजी करने या फिर मनचाही पोस्टिंग नहीं मिलने पर नौकरी छोड़ दी। 2013 में 1416 पदों पर भर्ती में 865 डॉक्टर मिले, लेकिन करीब 200 ने ज्वाइन नहीं किया और उतने ही नौकरी छोड़कर चले गए। यानी करीब 400 डॉक्टर ही मिले। इसी तरह से 2015 में 1271 पदों में 874 डॉक्टर मिले हैं। इनमें भी 218 डॉक्टरों ने ज्वाइन नहीं किया। कुछ पीजी करने चले गए और कुछ ने नौकरी छोड़ दी। करीब 400 डॉक्टर ही मिल पाए। 2015 में ही 1871 पदों के लिए भर्ती शुरू हुई थी। मार्च 2017 में साक्षात्कार के बाद रिजल्ट जारी किए गए।

## 70 प्रतिशत राजस्व सुरक्षित, तो हो जाएगा शराब दुकानों का नवीनीकरण



**भोपाल।** प्रदेश में शराब दुकानों का नवीनीकरण अब जिले के कुल राजस्व का 70 प्रतिशत सुरक्षित होने पर कर दिया जाएगा। इसके लिए वाणिज्यिक कर विभाग ने नियम में संशोधन कर दिया है। अभी तक दुकानों का नवीनीकरण तभी हो सकता था जब जिले के लिए तय कुल राजस्व का 80 प्रतिशत मिलना तय हो जाए।

### बच जाएंगे, उन्हें टेंडर की जगह लाटरी के माध्यम से दिया जाएगा

इसके साथ ही यह भी प्रविधान कर दिया है कि जो दुकानें नवीनीकरण होने के बाद बच जाएंगे, उन्हें टेंडर की जगह लाटरी के माध्यम से दिया जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2022-23 की आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों को नीलाम करने की प्रक्रिया की जा रही है। दुकानों में से एक हजार 600 के ठेकेबताया गया है कि अभी तक तीन हजार 611 देसी और विदेशी शराब की दुकानों में से एक हजार 600 के ठेके हो चुके हैं। भोपाल सहित अन्य जिलों में शेष शराब दुकानों के लिए अब 28 फरवरी को नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। दरअसल, सरकार ने इस बार बड़े समूह की जगह छोटे-छोटे समूह बनाकर दुकानें नीलाम करने की नीति बनाई है।

### व्यवस्था का ठेकेदार विरोध कर रहे

जानकारी के अनुसार इसके पीछे मकसद यह है कि चुनिंदा समूहों का एकाधि ?कार न रहे। इस व्यवस्था का ठेकेदार विरोध कर रहे हैं और नीलामी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए नवीनीकरण में अरुचि दिखा रहे हैं।

### आरक्षित मूल्य का 80 प्रतिशत

इसे देखते हुए सरकार ने जिले के लिए आरक्षित मूल्य का 80 प्रतिशत मिलने पर नवीनीकरण किए जाने के प्रविधान में संशोधन करके 70 प्रतिशत आरक्षित मूल्य कर दिया है। वहीं, जो दुकानें नवीनीकरण के माध्यम से ठेकेदारों द्वारा नहीं ली जाएंगी, उनके टेंडर करने की जगह लाटरी निकाली जाएगी। इसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। आबकारी आयुक्त राजीव दुबे का कहना है कि 28 फरवरी को दुकानें नीलाम करने की प्रक्रिया की जाएगी।

# भोपाल शहर के सीवेज नेटवर्क को अब और अधिक सुदृढ़ बनाने की तैयारी

**भोपाल।** शहर का सीवेज नेटवर्क अब और अधिक सुदृढ़ होगा। इसके लिए नगर निगम अमृत योजना-दो के तहत वर्ष 2050 की आबादी के अनुमान से नया नेटवर्क बिछाएगा। इस काम के लिए निगम ने निजी कंपनियों से टेंडर मंगाए हैं। खास बात यह है कि इसमें सीवेज नेटवर्क के विस्तार के साथ मानीटरिंग का काम विशेषज्ञों के हाथों में रहेगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने सीवेज नेटवर्क को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें ऐसे ही लोगों को इस काम में लगाया जाएगा, जो विशेषज्ञ हैं। इसका उन्हें अलग से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। निगम अधिकारियों ने बताया कि आगामी दो-तीन सालों में इसका असर नगरीय निकायों के सीवेज नेटवर्क में दिखने लगेगा। भोपाल समेत आसपास के जिलों में केंद्र सरकार की तय गाइड लाइन के तहत ही सीवेज लाइन बिछाई जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### सीवेज नेटवर्क एक नजर में

- शहर में अब तक महज 800 किमी का सीवेज नेटवर्क है। वो भी कई टुकड़ों में हैं।
- राजधानी के 40 फीसदी इलाकों में सीवेज नेटवर्क नहीं है।
- शहर में कुल 1700 किमी लंबे सीवेज नेटवर्क की जरुरत है।




### अभी यह होती है दिक्कत

शहर की अधिकांश कालोनियों में सीवेज नेटवर्क नहीं है। इससे घरों से निकलने वाला सीवेज नालियों के जरिये सड़कों पर बहता है या खाली प्लाटों में भरा रहता है। जिससे कालोनियों में गंदगी तो होती ही है, रहवासियों को बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। इसकी शिकायत करने पर निगम अमला कई दिनों तक कार्रवाई तक नहीं करता। ऐसे में लोगों को दोहरी दिक्कत होती है। अभी दैनिक वेतनभोगियों के भरोसे सीवेज सिस्टम राजधानी में सीवेज नेटवर्क के काम व मानीटरिंग के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त अमला नहीं है। अभी यहां चार एक्सपर्ट ही काम कर रहे हैं। जबकि अन्य कर्मचारी या तो प्रतिनियुक्ति पर आए हैं या फिर अन्य शाखाओं के साथ उन्हें सीवेज नेटवर्क का प्रभार दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक कुशल कर्मचारी नहीं होने से दैनिक वेतन भोगी ही सीवेज सिस्टम की कमान संभाल रहे हैं। अब तय गाइडलाइन के अनुसार इसके काम व मानीटरिंग की जिम्मेदारी एक्सपर्ट लोगों को सौंपी जाएगी।

### तालाब व नालों में नहीं मिलेगा सीवेज

अधिकारियों ने बताया कि नई गाइडलाइन के तहत बड़े व छोटे तालाब के साथ अन्य जल स्त्रोतों में मिलने वाले सीवेज को रोकने के लिए स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। यहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए जाएंगे। अभी शहर में सात एसटीपी के जरिये गंदे पानी का ट्रीटमेंट किया जा रहा है। इसके अलावा चार अन्य जगह के प्रोजक्ट पर काम चल रहा है। निगम का दावा है कि इन एसटीपी से गंदे पानी का शुद्धिकरण कर उसे दोबारा उपयोग करने लायक बनाया जाएगा।

# बाघ की आक्रामकता और बाघिन की मासूमियत से पर्यटक प्रभावित

**भोपाल।** मप्र यूं ही नहीं टाइगर स्टेट कहलाता है। यहां बाघ यदि कुनबा बढ़ाकर प्रदेशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर रहे हैं तो आम नागरिक और सामाजिक संस्थाएं भी इनकी हिमायती बनने लगी हैं। इनके रहन-सहन पर खर्च कर रही हैं। वन्यप्राणियों और इंसानों में एक-दूसरे के प्रति बढ़ते सद्भाव ने संरक्षण को अधिक बल दिया है। भोपाल एकमात्र ऐसी राजधानी है जहां इंसानों के नजदीक बाघों ने अपना घर बना लिया है। राजधानी में ही वन विहार नेशनल पार्क है जहां 14 बाघ बाड़े के अंदर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इन्हीं में बाघ पन्ना और बाघिन रिद्धी भी शामिल है। बाघ की आक्रामकता और बाघिन की मासूमियत से पर्यटक तो प्रभावित हैं ही, वन्यप्राणी के प्रति रुचि रखने वाली संस्थाएं भी खुश हैं। यही वजह है कि दोनों को 16 बार गोद लिया जा चुका है। इन्हें 17वीं बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने एक वर्ष के लिए गोद लिया है। दोनों की परवरिश और संरक्षण के लिए पार्क प्रबंधन को चार लाख रुपये दिए हैं। यह राशि दोनों पर खर्च की जाएगी। वन्यप्राणियों को गोद लेने के लिए अब तक एसबीआइ 27.75 लाख रुपये पार्क प्रबंधन को दे चुका है। बैंक द्वारा पर्यटकों के लिए भी 30 साइकिल दान की गई हैं।




पर्यावरण में कचरा न फैले इसलिए 25 डस्टबिन भी दिए हैं।

**बाघ पन्ना**- उम्र 12 वर्ष हो चुकी है। वजन 180 किलोग्राम है। रोजाना आठ से नौ किलोग्राम डाइट है। 28 मार्च 2014 को पन्ना से वन विहार लाया गया था। तब उम्र चार वर्ष थी। स्वभाव से आक्रामक है, लेकिन मासूमियत भी झलकती है। इसे पर्यटक बाघिन गंगा के बाजू वाले डिस्प्ले में देख सकते हैं।

**बाघिन रिद्धी**- इंदौर से 28 दिसंबर 2013 को वन विहार में शिफ्ट की गई है। तब उम्र चार वर्ष नौ माह थी। अब 13 वर्ष की हो चुकी है। अभी बाघ पन्ना के बाजू वाले डिस्प्ले बाड़े में रखा है, जहां पर्यटक देख सकते हैं। यह पर्यटकों को एकटक देखकर उनका मन मोह लेती है।

### 15 वन्यप्राणियों को गोद लेने 65.37 लाख रुपये दिए

पार्क के डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार जैन ने बताया कि बाघ पन्ना व बाघिन रिद्धी को गोद लेने के लिए बैंक की तरफ से महाप्रबंधक नेटवर्क-1 एस गिरधर, महाप्रबंधक नेटवर्क-2 संदीप कुमार गुप्ता, महाप्रंधक नेटवक-3 गीता त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी यू दिनेश शानभाग व महिला क्लब की अध्यक्ष आशा मिश्रा ने चार लाख रुपये का चेक दिया है। बैंक ने अब तक 15 वन्यप्राणियों को गोद लेने के लिए 65.37 लाख रुपये का दान किया है।

# श्रीकृष्ण,जन्म पर झूमने लगे श्रद्धालु




## सांई परिसर में भागवत कथा

**सिहोरा–** सांई परिसर रिलायंस पंप के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा पुराण में बुधवार को धूमधाम से श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण का जैसे ही जन्म हुआ और बाल श्री कृष्ण को सुंदर वस्त्रों में सुसज्जित कर लाया गया वैसे ही कथा स्थल पर श्रोता नाच उठे बाल श्री कृष्ण के सजीव चित्रण को महसूस कर सजे हुए बालकृष्ण को अपनी गोद में लेकर आयोजक मंडल के बैजन्ती बद्री प्रसाद सोनी,दिलीप दीपशिखा सोनी आदि भक्त भगवान कृष्ण को गोदी में लेकर नाचने लगे।व्यासपीठ से सुभाष चैतन्य महाराज ने समुद्र मंथन,वामन चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन करते हुए कहा कि कंस इतना अत्याचारी था कि उसने अपने पिता अग्रसेन को भी कारागार में डाल दिया आगे कहा की मुसीबत में केवल इंसान के भगवान ही साथ देते हैं। जबकि प्राणी मोहमाया और परिवार में के माया जाल में फसकर प्रभु को भूल जाता है।

भगवान श्री कृष्ण और बलराम जन्म की कथा भक्तों को श्रवण कराते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो अपने आप जेल के ताले खुल गए। और वासुदेव की बेडिया खुल गई। वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को जोकि इस संसार के पालन हार है एक टोकरी में लेकर अथाय यमुना नदी को पार कर यशोदा मां और नंदलाल के पास छोड़ जाते हैं। जिसकी कानो-कान खबर कंस को नहीं लग पाती। भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल में आनंद भयों जय कन्हैयालाल की हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की सहित अनेक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। कथा में विधायक नंदनी मरावी,शिशिर पांडे,माधव मिश्रा, राजकुमार तिवारी, प्रवीण कुररिया,राजेश मिश्रा, अशोक सोनी आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# विधायक ने हितग्राहियों कराया गृह प्रवेश, तथा आवासों का किया भूमिपूजन



## नगर पालिका का आयोजन

**सिहोरा-** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 9 के निवासियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं था। उनके खुद के घर का सपना जो पूरा होना था। विधायक नंदनी मरावी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर 129 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इसके अलावा 13 हितग्राहियों के नवीन आवास का भूमि पूजन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के नगर पालिका सिहोरा के 340 हितग्राहियों को 3 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से खाते में ट्रांसफर की गई। विधायक नंदनी मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गरीबों के खुद के आशियाने के सपने को पूरा करने के लिए तत्पर है इसी के तहत गरीबों को उनका खुद का घर दे रहे हैं जो कि केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण मौज योजना है।

### 13 घरों का किया भूमिपूजन

विधायक श्रीमती मरावी ने नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 13 घरों का भूमि पूजन किया। वही 7 घरों के हितग्राहियों को माला पहनाकर गाजे-बाजे के साथ घर में प्रवेश कराया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर, राजेश दाहिया, शिशिर पांडे, अरुण जैन, अंशु परोहा, अनुपम सराफ, अनिकेत तिवारी, रचित चौरसिया शहंशाह मंसूरी के साथ नायब तहसीलदार रूबी खान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान आवास योजना प्रभारी नमन श्रीवास्तव, इंजीनियर वरुण सिंह, सुजीत पटेल, राजेंद्र दुबे, राजेश ठाकुर के साथ बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# समर्थ सदगुरु भैया जी सरकार निराहार नर्मदा परिक्रमा के दौरान आगमन से पावन हुआ गाडरवारा

गाडरवारा( यश भारत) ।अखंड निराहार माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा देश और दुनिया का सबसे बड़ा निर्विकार निराहार सत्याग्रह महाव्रत के संकल्प को लेकर 493 दिन से अन्न त्याग कर केवल नर्मदा जल ग्रहण कर यात्रा करने वाले समर्थ सदगुरु भैया जी सरकार आज गाडरवारा नगर के होटल राजवंश में अल्प प्रवास पर पहुंचे जहां पत्रकारों से भेंट कर चर्चा की और कहा मां नर्मदा की सम्पूर्ण जलधारा 13 सौ किलोमीटर में से हम 500 किलोमीटर की जलधारा खो चुके हैं बची हुई 800 किलोमीटर की माँ नर्मदा की जलधारा का संरक्षण करना अति आवश्यक है मां नर्मदा के तटीय हर क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण निर्माण खनन पर तत्काल प्रतिबंधित कर हर क्षेत्र को पूर्ण का संरक्षित किया जाए माँ नर्मदा ट्रैक्टर एच एफ एल से 300 मीटर तक के हर क्षेत्र को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार सीमांकन कर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर तत्काल संरक्षित किया जाए माँ नर्मदा को जीवंत इकाई का दर्जा देकर ठोस नीति व कानून बनाया जाए मंदिर व मठ की शोभा सदैव मूर्ति से होती है वैसे ही नर्मदा तट की शोभा पेड़ पौधों से होती है मानव को वित्त से नहीं चित्त से मां नर्मदा को संरक्षित कर उचित समाधान निकालने की आवश्यकता है प्लास्टिक पॉलिथीन मां नर्मदा के तट पर उपयोग का बहिष्कार करने की आवश्यकता है बारहमासी नाले को नर्मदा में मिलने से रोकने हेतु मानव को जागृत होने की आवश्यकता है यदि निश्चित समय पर गांव शहर नर्मदा के संरक्षण के लिए खड़े नहीं हुए तो जिस तरह से वैश्विक महामारीयों का दौर चल रहा है उसको रोकना



अतिआवश्यक है धर्म संस्कृति जीवन का अस्तित्व है और मां नर्मदा जीवन का सर्वस्व है स्वस्थ समाज की कल्पना सिर्फ और सिर्फ मां नर्मदा के जल पर निर्भर है जब तक जल की धारा साफ और स्वच्छ बनी रहेगी प्राणी और जीवो का जीवन संकट मुक्त तरीके से चलता रहेगा गौरतलब है कि मां नंदा के अनन्य भक्त समर्थ सद्गुरु भैया जी सरकार लंबे समय से माँ नर्मदा को बचाने व मां नर्मदा को जीवंत इकाई का दर्जा दिलाने के लिए सत्याग्रह पर हैं जो समाज में अनेक स्थानों पर जाकर आमजन में जन जागृति लाकर मां नर्मदा को सुरक्षित बनाने की अपील लगातार करते चले आ रहे हैं इस अवसर पर लकी खनूजा लवली खनूजा पत्रकार ठाकुर कमल सिंह प्रहलाद सिंह सोनू पटेल अरविंद स्थापक अभिषेक मेहरा उमेश पाली संजय गुप्ता इमरान खान कैलाश रजक दीपचंद कहार राकेश प्रजापति अनुराग दुबे महेंद्र सोनी शेख सोहेल आदि उपस्थित रहे

# निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप

## ग्राम पंचायत देवरी नवीन का मामला

**सिहोरा-** गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने शासन स्तर पर तो अनेक प्रयास किए जा रहे हैं किंतु ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की अनियमितता के चलते विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा ऐसा ही एक मामला सिहोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी नवीन का प्रकाश में आया है जहां कागजों में तो लाखों के विकास कार्य हुए लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है विकास कार्यों में की गई अनियमितता की शिकायत के बावजूद अधिकारियों की चुप्पी जन चर्चा का विषय बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत देवरी नवीन में भोला के घर से शिवचरण के घर तक गंदे पानी की निकासी हेतु 6 लाख की राशि से नाली निर्माण एवं तीन लाख की राशि से सीसी रोड का कार्य स्वीकृत किया गया था इसी प्रकार एक अन्य रोड एवं नाली हेतु 6 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी ग्रामीण शहरी लाल, राम किशोर पटेल, सुभाष पटेल, हुकुम चंद पटेल आदि ने निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा से जांच की मांग की है इसके अलावा समुदायिक भवन मरम्मत हेतु स्वीकृत 50 हजार की राशि के व्यय की जांच कराने की मांग भी ग्रामीणों द्वारा की गई है।

### पुलिया निर्माण किए बगैर निकाल ली राशि

राज किशोर पटेल, दीपचंद पटेल निवासी चिखली ने बताया कि ग्राम पंचायत में चार लाख 22 हजार रुपए पुलिया निर्माण हेतु स्वीकृत किए गए थे मध्य प्रदेश पंचायत चुनाव आचार्य संहिता के दौरान उक्त राशि का आहरण कर आज दिनांक तक पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया जो कि गंभीर अनियमितता का मामला है ग्रामीणों ने सरपंच सचिव की कार्यप्रणाली की शीघ्र जांच कराए जाने की मांग की है।

# एचपी के अप्पू गैस सिलेंडर बाजार में उपलब्ध

**जबलपुर।** हिंदुस्तान पैट्रोलियम द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर को और अधिक सुविधा युक्त बनाते हुए 2 किलोग्राम एवं 5 किलोग्राम के गैस सिलेंडर बाजार में उपलब्ध कराएं हैं विगत दिवस स्नेह नगर लेबर चौक स्थित एचपी के मेहता पेट्रोल पंप पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के जीएम रिटर्न एलपीजी श्री निवास नल्ली महेश राव डीजीएम प्रवीण कुमार डीजीएम संदीप मिश्रा विक्रय प्रबंधक तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आम नागरिकों को अप्पू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए यह सिलेंडर सिर्फ आधार कार्ड लाने पर खरीदे जा सकते हैं इनकी खासियत यह है कि जहां इनकी कीमत न्यूनतम है वहीं यह सैंडल लाने ले जाने में भी आसान है कार्यक्रम का संचालन सुश्री टीना मुखर्जी द्वारा किया गया।

# गाड़ी बुला रही है सीटी बजा रही है जैसी 5 फिल्मों में पमरे ने कमाए 27 लाख 79 हजार

जबलपुर यश भारत। भारतीय रेलवे ने बॉलीवुड और हॉलीवुड निर्देशकों को हमेशा ही अपने टेलीविजन कॉमर्शियल मैसेज, वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) और फीचर फिल्म की शूटिंग के लिए निर्माता, निर्देशकों तथा सिनेमा जगत के सितारों को हमेशा आकर्षित किया है। ट्रेनों में और रेलवे प्लेटफार्म पर कई यादगार फिल्में, हजारों दृश्य हजारों ऐसे हैं, जो भारतीय जनमानस में रचे बसे हैं। भारतीय रेलवे में फिल्माए गए सैकड़ों गीत सिने प्रेमियों के लिए यादगार बन गए हैं। फिल्मी गानों में भारतीय रेलवे पर आधारित गीत गाड़ी बुला रही हैं सिटी बजा रही आज भी हमेशा लोग गुनगुनाते है। भारतीय रेल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूरे भारत में कई रेलवे स्थानों पर कई फिल्मों की शूटिंग की गई।



**रेल परिसर में शूटिंग करने के यह नियम** रेलवे की अनुमति पर फिल्मांकन की भारी मांग है। भारतीय रेलवे स्टेशन पर फिल्म शूटिंग करने के लिए रेल मंत्रालय ने आसान सहज सरल नीति तैयार की है और रेल परिसर में फिल्मों की शूटिंग अनुमति दी जाती है। भारतीय रेलवे पर फिल्म शूटिंग की अनुमति प्राप्त करने के लिए विभिन्न दस्तावेजों की आवश्यकता होती है और एक करार किया जाता है। जिसके अंतर्गत क्षतिपूर्ति बांड, बैंक गारंटी, बीमा, फिल्म स्क्रिप्ट के साथ-साथ आवेदन के साथ परियोजना के बारें में जानकारी देना होती है। पश्चिम मध्य रेल में रेलवे स्टेशनों एवं रेल परिसरों में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में पमरे में अब तक पाँच फिल्म शुटिंग से 27 लाख 78 हजार 993 रुपये की राजस्व अर्जित किया गया है।

**आकर्षण का केंद्र बनेगा पमरे*** पश्चिम मध्य रेल फिल्म शूटिंग में राजस्व अर्जित करने के मामले में भारतीय रेलवे में हमेशा अग्रणी रहा है और अन्य क्षेत्रीय रेलों की तुलना में पमरे में फिल्म शूटिंग की कई लोकेशन उपलब्ध हैं। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बॉलीवुड, टॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों की शूटिंग करने के लिए पमरे आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

# सनी स्पोर्टिंग क्लब बघराजी ने जीता खिताब, मुकाबले में बघराजी ने महंगवा टीम को 27 रन से हराया

**कुंडम-बघराजी**-समीपस्थ ग्राम पंचायत तिलसानी मे एसडी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट मैं 32 टीमों ने हिस्सा लिया इंदिरा गांधी स्टेडियम तिलसानी में संपन्न हुए टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बघराजी एवं महंगवा टीम के बीच खेला गया 16 16 ओवरों के इस मैच में बघराजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 88 रन बनाए जिसमें ओपनर बल्लेबाज विनीत साहू 25 रन नीरज पटेल 12 रन हिमांशु विश्वकर्मा 10 रन आदिल खान 10 रन आशीष चक्रवर्ती 8 रन समीर 10 रन रोहित ने 12 रन बनाए इस तरह बघराजी टीम ने 16 ओवर की अंतिम बाल में 88 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई जवाबी पारी खेलने उतरी महंगवा की पूरी टीम 61 रन बनाकर आउट हो बघराजी टीम ने मैच 27 रनों से जीतकर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा किया जिसमें मं हगवा के बल्लेबाज रोहित ने 15 रन लव कुश 10 रन नीरज 12 लोकेश ने 12 नीरज ने नीरज ने 13 रन बनाए बघराजी के गेंदबाज नीरज पटेल ने दो धर्म भ्रमण में दो हिमांशु विश्वकर्मा ने दो आशीष ने 2 विकेट विनीत साहू और रोहित ने एक-एक विकेट लिया समापन समारोह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि कांग्रेसी ग्रामीण जिला अध्यक्ष पंडित राधेश्याम चौबे कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ग्रामीण जबलपुर राजेश सोनी एस डी क्लब के संरक्षक ठाकुर अशोक सिंह डॉक्टर संजीव वरकडे सेवादल के जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जमुना मरावी ग्रामीण अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भाजपा अध्यक्ष ग्रामीण विजय बहादुर सिंह कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष संजय यादव संग्राम सिंह ठाकुर खिलाड़ी सिंह विजय यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धुर्वे सुश्री रुकमणी गोटिया सुकीर्ति मनु त्रिपाठी मुन्ना सिंह मरावी सेवादल मुख्य प्रवक्ता जितेंद्र यादव ने विजेता टीम बघराजी को 51000 हजार रुपए नगद एवं ट्राफी उपविजेता टीम महंगवा को 21000 नगद एवं ट्रॉफी भेंट की फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बघराजी के विनीत साहू एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लव कुश बर्मन को दिया गया सभी अतिथियों का पुष्प आरो से स्वागत किया गया अतिथियों ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दे सभी ने कहा खेल इंसान के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है आप लोग कोई न कोई खेल को जरूर अपनाएं इस टूर्नामेंट का आयोजन एस डी क्लब तिलसानी संरक्षक अशोक सिंह ठाकुर के अध्यक्ष संजय संचालक संग्राम सिंह उपाध्यक्ष सुरेश परस्ते सचिव कमलेश सिंह एचडी क्लब के कप्तान रमेश सिंह मार्को द्वारा किया गया पूरे कार्यक्रम में क्लब के सभी लोगों का सराहनीय योगदान रहा यादव कार्यक्रम का संचालन राजेश सोनी द्वारा किया गया पूरे टूर्नामेंट में 32 टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मुकाबले में आज स्टेडियम क्षेत्रीय दर्शकों से खचाखच भरा था।



# समीक्षा जैन ने लिया ब्रह्म सुंदरी का आजीवन व्रत



**गाडरवारा (यशभारत)** कुंडलपुर में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में चल रहे वृहद आयोजन में गाडरवारा नगर को भी सहभागिता का अवसर मिला है। जब आचार्य श्री ने गाडरवारा की 24 वर्षीय समीक्षा जैन उर्फ रानी को अपनी ब्रह्म सुंदरी की दीक्षा प्रदान की। नगर के पलोटनगंज टेलीफोन एक्सचेंज के पास के रहवासी पत्रकार चक्रेश जैन व कल्पना जैन की पुत्री को यह अवसर नगर में प्रथम बार प्राप्त हुआ है। इसे लेकर नगर के जैन समाज व अन्य वर्गों में हर्ष व्याप्त है।

Trusted
CCTV CAMERA
Since- 2009
Sales & Sarvice
C.P. Plus, Hikvision, Dahua
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC
0% फायनेंस उपलब्ध हैं।
शॉप नं. 127, कछपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर | Mob:-9098983263,9131193852

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

# राजेश सोनी खेल प्रकोष्ठ जबलपुर जिले के ग्रामीण अध्यक्ष बने



कुंडम-बघराजी-मध्य प्रदेश खेल प्रकोष्ठ ने बघराजी निवासी राजेश सोनी को जबलपुर जिला ग्रामीण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के निर्देशानुसार एवं डॉ प्रशांत मिश्रा की अनुशंसा पर खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह चौहान ने राजेश सोनी को अध्यक्ष नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे पंडित राजा मालगुजार खिलाड़ी सिंह विपत लाल धनगर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जमुना मरावी एकता ठाकुर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मनीष सोनी पंडित सुकीर्ति त्रिपाठी प्रणव सोनी महेंद्र विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा विपिन जायसवाल संदीप साहू जनपद सदस्य भवानी साहू सुशील राय कमल विश्वकर्मा बबली राजेश साहू घनश्याम विश्वकर्मा रुकमणी गोटिया सहकारी समिति मेंबर मोहम्मद अकरम खान सोने लाल विश्वकर्मा एसपी विश्वकर्मा पंडित सौरभ द्विवेदी बैजनाथ विश्वकर्मा गुड्डू पटेल प्रमोद पटेल नीरज पटेल हिमांशु विश्वकर्मा सोनू रजक जीतू पटेल योगेश पटेल आशीष चक्रवर्ती गुड्डू चक्रवर्ती ने हर्ष व्यक्त करते हुए नियुक्ति कर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हिमालया मेंस ने शुरू किया नया अभियान




हिमालया मेन का यह नया अभियान पिंपल की समस्याओं को हल करने के लिए इस्तेमाल किए गए विभिन्न मिथकों को खत्म करने में सहायता करता है और इस ब्रांड को श्ल?कों के पिंपल्स का सही सलूशनश् के रूप में स्थापित करता है

एजेंसी। भारत के अग्रणी वैलनेस ब्रांड्स में से एक हिमालया वैलनेस कंपनी ने प्रकृति और विज्ञान की शक्ति के साथ हिमालया मेन पिंपल क्लियर नीम फेस वॉश को ल?कों के मुहांसों के प्रभावी समाधान के रूप में पेश करते हुए एक नया अभियान शुरू किया ल?कों के पिंपल्स का सही सोलुशन की पेशकश के साथ यह अभियान युवा ल?कों को अजीबोगरीब सुझाव इस्तेमाल करने के बजाय अपने पिंपल्स की समस्या को हल करने के लिए सही समाधान चुनने के लिए प्रेरित करता है।

राहुल पांचाल जनरल मैनेजर मार्केटिंग हिमालया वैलनेस कंपनी ने बताया हिमालया कंपनी का हर उत्पाद ग्राहकों की दिन-प्रतिदिन की व्यक्तिगत देखभाल के लिए बनाया गया है ब्रांड के मिशन का उद्देश्य हर घर में वैलनेस और हर दिल में खुशी लाने का है हमारे उपभोक्ता अध्ययनों से पता चला है कि ल?कों को भी पिंपल्स से नफरत है और वह पिंपल्स के समाधान के लिए अलग-अलग इक्स्पेरीमन्ट करते हैं

## राजा जैन बने भाजपा युवा मोर्चा चरगवां के मंडल अध्यक्ष



चरगवां ।राजा जैन को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का चरगवां मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने नियुक्ति करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजा जैन चरगवां क्षेत्र के युवाओं को पार्टी से जोड़कर पार्टी की रीति-नीति के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा पार्टी में जो?ने का काम करेंगे। विश्वास है कि आप इन सब में पूरी मेहनत और निष्ठा से कार्य करेंगे। राजा जैन ने चरगवां मंडल अध्यक्ष ने पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसको वे पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ निभाएंगे और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785


Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
→चना →रेबड़ी →गजक →ड्रायफ्रूट
→नमकीन →तोस →लईया →लड्डू →भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

# रवींद्र जडेजा की प्लेइंग इलेवन में वापसी तय

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज लखनऊ में खेला जाएगा। इसके बाद दो मैच 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला में खेले जाएंगे। पहले टी20 में भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन पर सबकी नजरें हैं। भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार आज लखनऊ में खेला जाएगा। इसके बाद दो मैच 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला में खेले जाएंगे। पहले टी20 में भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन पर सबकी नजरें हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सूर्यकुमार यादव, दीपक चाहर, विराट कोहली और ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में किसे मौका मिलेगा? न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार लगातार दो टी20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल सांतवें आसमान पर है। वहीं, श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में हार मिली थी। भारतीय टीम की बात करें तो दल में रवींद्र जडेजा की वापसी हुई है। वे तीन महीने बाद टीम में लौटे हैं। वहीं, सीरीज से ठीक पहले दीपक चाहर और सूर्यकुमार यादव चोटिल हो गए। सूर्यकुमार यादव के बाहर होने पर संजू सैमसन या दीपक हुड्डा को प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सकती है। दोनों में से संजू का पलड़ा ज्यादा भारी है क्योंकि रोहित शर्मा ने मैच से एक दिन पहले उनकी जमकर तारीफ की है। उन्हें टी20 वर्ल्ड कप की योजना का अहम हिस्सा बताया है। ऐसे में यह उम्मीद है कि रोहित मुकाबले में संजू को मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर उतार सकते हैं।

## क्या चोटिल सूर्यकुमार की जगह खेलेंगे सैमसन?





### पिछली बार टी20 वर्ल्ड कप में खेले थे जडेजा

जडेजा पिछली बार भारतीय टीम के लिए टी20 में नामीबिया के खिलाफ खेले थे। टी20 वर्ल्ड कप के उस मैच में टीम इंडिया को जीत मिली थी। हालांकि, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से मिली हार के कारण भारतीय टीम अगले दौर में नहीं जा सकी थी। अब देखना है कि रोहित शर्मा श्रीलंका के खिलाफ रवींद्र जडेजा को किसकी जगह शामिल करते हैं। वेंकटेश अय्यर, हर्षल पटेल और रवि बिश्नोई में से कौन होगा बाहर? युवा ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और भारतीय थिंक टैंक उनकी प्रगति में बाधा नहीं डालना चाहेगी। सूर्यकुमार के बाहर होने के कारण वेंकटेश की जगह पूरी तरह से सुरक्षित मानी जा रही है। हर्षल पटेल की बात करें तो उन्होंने भी गेंद से प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। ऐसे में रोहित उन्हें फिर से मौका देना चाहेंगे। अंत में रवि बिश्नोई बचते हैं। बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद माना जा रहा है कि जडेजा के लिए उन्हें ही बलिदान देना होगा।

### जसप्रीत बुमराह की होगी वापसी?

भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान जसप्रीत बुमराह की वापसी हो रही है। वे वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में नहीं खेले थे। उन्हें मोहम्मद सिराज की जगह प्लेइंग इलेवन में लाया जा सकता है। बुमराह के साथ, भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल तेज गेंदबाजी आक्रामण को संभालेंगे। बल्लेबाजी की बात करें तो रोहित शर्मा इस मैच में ऋतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। ऐसे में ईशान किशन तीसरे नंबर पर खेलेंगे।




# ऑस्कर के सीधे प्रसारण के पहले आठ श्रेणियों के दिए जाएंगे पुरस्कार

अमेरिका की संस्था 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2022 के ऑस्कर समारोह के दौरान आठ श्रेणी में विजेताओं को, सीधे प्रसारण से पहले पुरस्कार दिए जाएंगे। यानी, 27 मार्च, 2022 को प्रसारित 94वें ऑस्कर समारोह के दौरान 23 श्रेणियों में से आठ पुरस्कारों को लाइव ऑन एयर प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। सीधा प्रसारण शुरू होने से एक घंटा पहले 94वें अकादमी पुरस्कार आरंभ होंगे जिसके तहत आठ श्रेणियों- लघु वृत्तचित्र, फिल्म संपादन, मेकअप और केश सज्जा, गीत, उत्पादन डिजाइन, एनिमेटेड शॉर्ट, लाइव एक्शन शॉर्ट और ध्वनि में पुरस्कार दिए जाएंगे। इस बाबत नामित लोगों और अकादमी के सदस्यों को एक पत्र भेज कर बदलाव की सूचना दी गई है। बताया गया है कि ऑस्कर के प्रसारण के दर्शकों की घटती संख्या में सुधार के लिए यह बदलाव किया गया है। सीधा प्रसारण शुरू होने से पहले रिकॉर्ड किया जाएगा और बाद में इसे लाइव प्रसारण में संपादित करके रिलीज किया जाएगा।

# तू मेरे लिए चीकू ही है

### कोहली को युवी का तोहफा- विराट को युवराज सिंह ने लिखा इमोशनल लेटर



भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह और मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में एक विराट कोहली के बीच की दोस्ती किसी से छुपी नहीं है। दोनों सार्वजनिक जगहों पर कई बार एक-दूसरे की तारीफ कर चुके हैं। एक बार फिर से ऐसा ही हुआ है। 2011 वर्ल्ड कप जीत के हीरो युवराज ने कोहली को एक इमोशनल लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने खेल के प्रति विराट के प्यार और अनुशासन के बारे में लिखा है। युवराज ने कोहली के लिए एक तोहफा भी भेजा है। उन्होंने लिखा, मैंने विराट के करियर को उभरते हुए देखा है। तुम भले ही दुनिया के लिए किंग कोहली हो, लेकिन तू मेरे हमेशा चीकू ही है। युवी ने कोहली को गोल्डन बूट तोहफे में दी है। उन्होंने लिखा कि क्रिकेट में आपके योगदान के लिए मेरी ओर से एक गोल्डन बूट। भारतीय टीम 1983 के बाद जब 2011 में वर्ल्ड कप जीती थी तब युवराज मैन ऑफ द सीरीज बने थे। उन्होंने बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी भरपूर योगदान दिया था। विराट कोहली भी उस टीम के सदस्य थे। युवराज इससे पहले 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। इसके आगे युवराज ने कोहली के बारे में लिखा- मैंने आपके करियर और व्यक्तित्व को उभरते हुए देखा है। एक युवा लड़का जो कभी महान खिलाड़ियों के कंधे से कंधा मिलाकर चलता था अब खुद ही महान खिलाड़ियों में शामिल हो गया है। मैदान पर नए खिलाड़ियों को राह दिखा रहा है। युवराज ने कोहली की तारीफ करते हुए आगे लिखा- अभ्यास के लिए नेट्स पर आपका अनुशासन बेहतरीन है। मैदान पर आप पूरे जोश के साथ उतरते हैं। खेल के प्रति आपके समर्पण ने लाखों युवाओं को बैट पकड़ने और भारतीय टीम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है। कोहली श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में अपना 100वां टेस्ट पूरा करेंगे। उन्होंने पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका से मिली सीरीज में हार के बाद टेस्ट की कप्तानी छोड़ी थी। इससे पहले वे टी20 की कप्तानी छोड़ चुके थे और वनडे में उन्हें कप्तान के पद से हटाया गया था। कोहली श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। उन्हें और ऋषभ पंत को आराम दिया गया है।



# पिरामिड के सामने अंग्रेजी बीट पर हिना खान



टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है से अक्षरा के रूप में घर-घर में अपनी पहचान बनाई थी हालांकि अब वह इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं। उन्हें सीरीयल के साथ कई रियलिटी शोज में भी देखा जा चुका है तो वहीं वह एक फिल्म भी कर चुकी हैं। हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपने लुक को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं। इस समय हिना खान अपने वेकेशन को जमकर एंजॉय कर रही हैं और उससे संबंधित पोस्ट भी कर रही हैं। अब उन्होंने एक वीडियो शेयर की है, जिसमें वह डांस करती नजर आ रही हैं। हिना खान ने जो वीडियो शेयर किया है, वह इजिप्ट का है। इस वीडियो में एक्ट्रेस हिना खान अंग्रेजी बीट पर जबरदस्त डांस मूव्स करती नजर आ रही हैं और बैकग्राउंड में पिरामिड नजर आ रहा है। इस वीडियो को शेयर करते हुए हिना खान ने बहुत ही मजेदार कैप्शन भी लिखा है।



### उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हा हा हा, सकारा स्टेप पिरामिड पर एक बार फिर सस्ता रोमांच..

फैंस को उनका ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है और फैंस दिल वाली इमोजी के साथ उनकी पोस्ट पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। कई प्रशंसकों ने उनकी इस वीडियो पर मजेदार कमेंट भी किए हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, आपको डांस नहीं आता है, तो वहीं दूसरे ने लिखा, जो हिना से जले ज़रा साइड से चले। फैंस इसी तरह से अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करवा रहे हैं। इसी के साथ हिना खान ने कई तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में भी हिना खान पिरामिड के पास एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में चिलचिलाती धूप में भी हिना खान का लुक काफी कूल लग रहा है। हिना ने इन तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम से शेयर करते हुए लिखा, %मिस्र के सकारा में बने अब तक के पहले पिरामिड के सामने एक-एक कदम..% हाल ही में हिना ने अपने वेकेशन कई और तस्वीरें भी शेयर की थीं। इन तस्वीरों में हिना खान ऊंट के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं और उनके पीछे पिरामिड दिखाई दे रहे हैं।

# 11 वीं बार मां बनने वाली हैं केके व्याट



### सिंगर तीन बार कर चुकी हैं शादी

मशहूर गायिका और अभिनेत्री केके व्याट ने हाल ही में फैंस के साथ ऐसी खबर साझा की, जिसे सुन सभी के होश उड़ गए। दरअसल, सिंगर ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि वह 11वीं बार मां बनने जा रही हैं। अभिनेत्री पहले से ही 10 बच्चों की मां हैं। ऐसे में 11वीं बार मां बनने की खबर सुन सभी हैरान रह गए। इस बारे में जानकारी देते हुए सिंगर केके व्याट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी प्रेग्नेंसी फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा कीं। शेयर कीं गई इन तस्वीरों में लाल रंग की ड्रेस में सिंगर का बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए केके व्याट ने कैप्शन में लिखा, मेरे पति जकारिया डेविड डेरिंग और मैं यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं कि व्याट परिवार में एक और बच्चा आने वाला है। यह 11वां बच्चा होगा। केके व्याट और जकारिया डेविड ने साल 2018 में शादी की थी। इससे पहले केके व्याट पहले भी दो बार शादियां कर चुकी हैं। हालांकि उनकी यह दोनों ही शादी टूट चुकी हैं। सिंगर ने सबसे पहले 18 साल की उम्र में रोड मैनेजर रहमत मोर्टन से शादी की थी, लेकिन कुछ सालों बाद दोनों के बीच घरेलू हिंसा और मारपीट की खबरें आने लगी। इसके बाद साल 2009 में केके व्याट ने रहमत से अलग होने का फैसला ले लिया। रहमत और सिंगर के तीन बच्चे हैं। पहली शादी के टूटने 1 साल बाद यानी साल 2011 में केके व्याट ने माइकल जमार फोर्ड संग शादी रचाई। इस शादी से केके व्याट के 3 बच्चे हुए। सिंगर ने माइकल के साथ मिलकर अपने सभी छह बच्चों का पालन पोषण किया। साल 2017 तक आते-आते केके व्याट 8 बच्चों की मां बन चुकी थीं। इसके बाद अगस्त 2018 में उन्होंने माइकल जमार फोर्ड से तलाक ले लिया। इसके बाद सिंगर ने अब इसी साल अक्टूबर में अपने बचपन के दोस्त और एक्स-बॉयफ्रेंड जकारिया डेरिंग से शादी कर ली।

# सिनेमाघरों में दो तो OTT पर रिलीज होंगी तीन फिल्में व वेब सीरीज



आलिया भट्ट स्टारर गंगूबाई काठियावाड़ी, कंगना रणौत की लॉकअप समेत कई और दिलचस्प वेब सीरीज और फिल्में इस हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज होने के साथ ही ओटीटी पर प्रीमियर के लिए तैयार हैं। पिछले हफ्ते, हमने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मिथ्या, ए थर्सडे, बेस्टसेलर जैसी फिल्में और सीरीज देखीं। हालांकि इनमें से कोई भी सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हुई। इसलिए दर्शकों को ज्यादा विकल्प नहीं मिल पाए। हालांकि इस सप्ताह ओटीटी और सिनेमाघरों में कई बड़ी फिल्में और सीरीज रिलीज होने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित %द फेम गेम% के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्या आपको इस सीरीज को देखने के लिए किसी अन्य कारण की आवश्यकता है? नेटफ्लिक्स पर इसकी स्ट्रीमिंग 25 फरवरी 2022 से शुरू होगी। कंगना रणौत शो लॉकअप के होस्ट के रूप में अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह एक रियलिटी शो है। जो 27 फरवरी 2022 से एमएक्स प्लेयर्स व अल्ट बालाजी पर स्ट्रीम होना शुरू हो जाएगा। निर्माताओं ने शो के तीन प्रतियोगी का खुलासा कर दिया है। इस शो में कई और विवादित सेलेब्स शामिल होने जा रहे हैं। बॉबी देओल, विक्रांत मैसी और सान्या मल्होत्रा अभिनीत शाहरुख खान का प्रोडक्शन वेंचर लव हॉस्टल 25 फरवरी को जी5 पर प्रीमियर के लिए तैयार है। फिल्म के ट्रेलर ने सभी का ध्यान खींचा है और यह एक दिलचस्प फिल्म की तरह लग रहा है। आलिया भट्ट स्टारर गंगूबाई काठियावाड़ी बधाई दो के बाद बॉलीवुड की दूसरी बड़ी फिल्म है ,जो बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। बधाई दो को बॉक्स ऑफिस पर मिक्स प्रतिक्रिया मिली है, और अब, यह देखना दिलचस्प होगा कि संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म को क्या प्रतिक्रिया मिलती है। गंगूबाई काठियावाड़ी के ट्रेलर और गानों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अजित कुमार के प्रशंसक इस सप्ताह खुश हैं क्योंकि उनकी फिल्म वलीमाई 24 फरवरी 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। तमिल के अलावा, फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। इसमें हुमा कुरैशी भी मुख्य भूमिका में हैं।


# सामने आया सैफ अली खान उर्फ विक्रम का फर्स्ट लुक

## ऋतिक रोशन ने लिखा- वर्षों से की है प्रशंसा



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन की अपकमिंग फिल्म %विक्रम वेधा% साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल ही में, अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सैफ अली खान का फर्स्ट लुक साझा किया। बता दें कि इस फिल्म में ऋतिक रोशन %वेधा% और सैफ अली खानी %विक्रम% का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म ऋतिक रोशन विलेन बने हैं जबकि हीरो होंगे सैफ अली खान। जींस, सफेद पोलो नेक टी, दाढ़ी-मूंछ और आंखों पर चश्मा लगाए सैफ अली खानी काफी डैशिंग लग रहे हैं। उनका इनटेंस लुक देखकर लग रहा है कि वह बेहद गुस्से में हैं। सैफ अली खान का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए ऋतिक रोशन ने लिखा, विक्रम। एक बेहतरीन अभिनेता और एक सहकर्मी के साथ काम करना, जिसकी मैंने वर्षों से प्रशंसा की है, एक ऐसा अनुभव है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। इंतजार नहीं कर सकता!%% बता दें कि मेकर्स इससे पहले वेधा उर्फ ऋतिक रोशन का पहला लुक जारी कर चुके हैं। इस फिल्म में एक सख्त पुलिस अधिकारी की कहानी बताई गई है, जो गैंगस्टर को पकड़ने और मारने के लिए निकल पड़ता है। फिल्म को 30 सितंबर, 2022 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। वाई नॉट स्टूडियोज, जिसने %साला खडूस% और %शुभ मंगल सावधान% का सह-निर्माण किया है, रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ %विक्रम वेधा% के हिंदी रीमेक का सह-निर्माण कर रहा है। बता दें कि %विक्रम वेधा% साउथ की फिल्म %विक्रम वेधा% की हिंदी रीमेक है। फिल्म में माधवन और विजय सेतुपति को क्रमशः ईमानदार पुलिस अधिकारी और उत्तरी चेन्नई के एक कुख्यात डॉन के रूप में दिखाया गया था।

# कंटेंट और रेटिंग के मामले में No. 1 हैं ये पांच सीरीज



अब वेब सीरीज का जमाना आ चुका है। हर दिन लोगों का ओटीटी के लिए क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। यहां पर आपकी पसंद के हिसाब से कंटेंट बनाया जाता है। क्राइम, कॉमेडी, सस्पेंस और हॉरर सभी जॉनर के लिए ओटीटी पर कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज मौजूद है। ओटीटी के जरिए कुछ धमाकेदार देखना चाहते हैं तो हम आपकी मदद कर सकते हैं। आपके लिए हम उन 5 बेहतरीन सीरीज की लिस्ट लेकर आए हैं जिसे आप 24 घंटे में ही निपटा सकते हैं, और रेटिंग और कंटेंट के मामले में भी ये सीरीज नंबर एक हैं। आईएमडीबी पर टीवीएफ पिचर्स को 9.1 रेटिंग मिली है। इस सीरीज चार यंग लोगों की कहानी कहती है जो स्टार्टअप के लिए अपनी जॉब छोड़ देते हैं। इसनें नवीन कस्तूरिया, अरुणाभ कुमार, जीतेन्द्र कुमार, अभय महाजन मुख्य भूमिका में थे। इसके दूसरे सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अगर आप उनमें से हैं जिसके इस सीरीज तो अब तक नहीं देखा है तो यकीन मानिए आपने कुछ बड़ा मिसकर दिया है। इसे आप MX Player पर देख सकते हैं। आईएमडीबी पर कोटा फैक्ट्री को भी 9.1 रेटिंग मिली है। यह सीरीज उन सभी लोगों युवाओं के लिए है, जो आईआईटी में एडमिशन का सपना देखते हैं। यह शो 16 वर्षीय वैभव के जीवन की कहानी बताता है, जो जेइइ मेन्स की कोचिंग के लिए इटारसी से कोटा जाता है। पूरी सीरीज ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई है। इसका निर्देशन राघव सुब्बू ने द वायरल फीवर के लिए किया था। इसका पहला सीजन यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। इसकी लोकप्रियता के बाद इसका दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था।




## ₹5722 करोड़ की लागत से कुल 534 कि.मी. लम्बी 11 सड़क

# परियोजनाओं का शिलान्यास

**उज्जैन-देवास खंड का चार-लेन चौड़ीकरण**
₹842 करोड़
NH-752D, लम्बाई 41 कि.मी.

**उज्जैन-झालावाड़ (म.प्र./राज. सीमा तक) का दो-लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण**
₹498 करोड़
NH-552G, लम्बाई 134 कि.मी.

**उज्जैन-बदनावर खंड का चार-लेन चौड़ीकरण**
₹1352 करोड़
NH-752D (SPUR), लम्बाई 69 कि.मी.

**जीरापुर-सुसनेर (म.प्र-राज. सीमा तक) के दो-लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण कार्य**
₹240 करोड़
NH-752B, लम्बाई 46 कि.मी.

**चन्देसरी से खेडाखजुरिया (उज्जैन-गरोठ I) का चार लेन निर्माण कार्य**
₹910 करोड़
NH-752D, लम्बाई 42 कि.मी.

**खेडाखजुरिया से सुहागडी (उज्जैन-गरोठ II) का चार लेन निर्माण कार्य**
₹876 करोड़
NH-752D, लम्बाई 48 कि.मी.

**सुहागडी से बरदिया अमरा (उज्जैन-गरोठ III) का चार लेन निर्माण कार्य**
₹823 करोड़
NH-752D, लम्बाई 46 कि.मी.

### CRIF के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य

**जवसियापंथ से फतेहाबाद चंद्रावतीगंज मार्ग**
₹42 करोड़
लम्बाई 17 कि.मी.

**बही-बालागुड़ा-अम्बाव-कनघट्टी-उगरान (राजस्थान सीमा तक)**
₹26 करोड़
लम्बाई 25 कि.मी.

**बरोठा-सेमल्या चाउ मार्ग**
₹36 करोड़
लम्बाई 18 कि.मी.

**भादवामाता सरवानिया महाराज-जावद अठाना-ढ़ाणी-सरोदा-चढ़ौल मार्ग**
₹77 करोड़
लम्बाई 48 कि.मी.

### परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को सुगम यातायात सुविधा
- उज्जैन से लगी हुई कृषि मंडियों से बेहतर कनेक्टिविटी
- उज्जैन-देवास औद्योगिक कॉरिडोर का विकास व नए रोजगार का निर्माण
- सम्पूर्ण मालवा - निमाड़ क्षेत्र का विकास
- सीमावर्ती क्षेत्रों का भंडारण केंद्रो के रूप में विकास
- समय, ईंधन की बचत व सुरक्षित सफर

## नितिन गडकरी
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
के द्वारा

एवं

## शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 24 फरवरी 2022 | दोपहर 1.30 बजे**
**सभा स्थल : राजीव नगर, मकोड़ियाआम चौराहा, आगर रोड, उज्जैन**

### गरिमामयी उपस्थिति

**जन. (डॉ.) वी.के. सिंह (से.नि.)**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक विमानन

**गोपाल भार्गव**
मंत्री, लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग (म.प्र.)

**डॉ. मोहन यादव**
मंत्री, उच्च शिक्षा (म.प्र.)

**जगदीश देवड़ा**
मंत्री, वाणिज्य कर, वित्त, योजना-सांख्यिकी (म.प्र.)

**ओम प्रकाश सखलेचा**
मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी (म.प्र.)

**हरदीप सिंह डंग**
मंत्री, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण (म.प्र.)

**राजवर्धन सिंह**
मंत्री, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन (म.प्र.)

**सुरेश धाकड़**
राज्य मंत्री, लोक निर्माण विभाग (म.प्र.)

**अनिल फिरोजिया**
सांसद (लोकसभा) उज्जैन-आलोट

**महेंद्र सिंह सोलंकी**
सांसद (लोकसभा) देवास

**रोडमल नागर**
सांसद (लोकसभा) राजगढ़

**छतर सिंह दरबार**
सांसद (लोकसभा) धार

**सुधीर गुप्ता**
सांसद (लोकसभा) मंदसौर

सड़कें ही नहीं,
राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
- लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत
- लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
- लगभग 10 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण

इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...